



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 35 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 04 नवंबर 2023 डाक 05 नवंबर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
भाजपा के सदस्यों ने कोलकाता में राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया...



**देश-विदेश**
श्रीलंका के राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री से मिलीं सीतारमण, आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा



**खुला-पन्ना**
फेस्टिव सीजन इन मेहंदी डिजाइंस से सजाएं अपने हाथ सुंदरता में लगेंगे चार चांद



## दुर्ग में विशाल जनसभा: 2 दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है, रुपयों का बहुत बड़ा ढेर मिला:पीएम

**भिलाई, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



पीएम मोदी ने दुर्ग में विशाल जनसभा को संबोधित किया। पहले संबोधन में पीएम ने कहा कि आज पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है। भाजपा आवत है अबकी बार भाजपा सरकार मैं छत्तीसगढ़ भाजपा की पूरी टीम को बधाई दूंगा कि उन्होंने आपके सपनो को सच बनाने वाला संकल्प पत्र कल ही जारी किया है। इस संकल्प पत्र में छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें, यहां के युवा और यहां के किसानों को सबसे बड़ी प्राथमिकता दी गई है।

भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि हम जो कहते हैं, वो करके रहते हैं। भाजपा के संकल्प पत्र के आगे कांग्रेस का झूठ का पुलिंदा भी है। कांग्रेस की प्राथमिकता है भ्रष्टाचार के अपनी तिजोरियां भरना। कांग्रेस की प्राथमिकता है अपने नेताओं के चहेतों को नौकरियां बांटना, आपके बच्चों को नौकरियों से बाहर करना। क्ष्स्ष्ट घोटाले में कांग्रेस ने यही तो किया। आप यहां सरकारी दफ्तरों में जाते हैं, तो एक ही बात बोलते हैं । 30 टका कक्का, आपका काम पक्का। कांग्रेस की हर घोषणा में 30 टके का खेल पक्का है। इस सरकार से छत्तीसगढ़ छुटकारा चाहता है। इसलिए छत्तीसगढ़ कह रहा है। अऊ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने तो महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा है। 2 दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है, रुपयों का बहुत बड़ा ढेर मिला है। लोग कह रहे हैं कि ये पैसा सट्टेबाजों का है, जुए का खेल खेलने वालों का है, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीबों और नौजवानों को लूट कर जमा किया है। लूट के इसी पैसे से कांग्रेस के नेता अपना घर भर रहे हैं। मीडिया में आ रहा है कि इस पैसे के तार छत्तीसगढ़ के... तक जा रहे हैं। यहां की सरकार और मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता से बताना चाहिए कि दुबई में बैठे इस घोटाले के आरोपियों के साथ उनके क्या संबंध है। आखिर ये पैसा पकड़े जाने के बाद यहां के मुख्यमंत्री क्यों बौखला गए हैं।

मोदी को तो ये कांग्रेसी दिन-रात गालियां देते हैं। लेकिन यहां के मुख्यमंत्री अब देश के सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों को भी गाली देने लगे हैं। लेकिन मैं छत्तीसगढ़ के अपने भाइयों-बहनों से कहूंगा कि ये मोदी है, गालियों से डरता नहीं है। भ्रष्टाचारियों का हिसाब करने के लिए ही तो आपने मोदी को दिल्ली भेजा है। जिन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीब को लूटा है, उस पर कार्रवाई होकर रहेगी। उससे पाई-पाई का हिसाब लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट सरकार ने एक के बाद एक घोटाले करके आपका विश्वास तोड़ा है। PSC और महादेव एप घोटाला तो चर्चा में है ही, कांग्रेस सरकार के रिपोर्ट कार्ड में घोटालों की कमी नहीं है।

## भूकंप से अबतक 140 लोगों की मौत, सैकड़ों घायल पीएम प्रचंड प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के लिए रवाना



**काठमांडू, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

पश्चिमी नेपाल में भीषण भूकंप से अब तक 140 लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। भूकंप से कई घर ध्वस्त हो गए हैं। नेपाली अधिकारियों ने पुष्टि की है कि रुकुम पश्चिम में 35 से ज्यादा लोगों की मौत हो हुई है, जबकि जाजरकोट जिले में 90 से अधिक लोगों की जान गई है। भूकंप के बाद से रेस्क्यू फोर्स बचाव अभियान में जुटी है। शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे नेपाल के पश्चिमी इलाके में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई है। वहीं, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के लिए रवाना हुए हैं। साथ ही, भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर दुख व्यक्त किया है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप मापन केंद्र के अधिकारियों के अनुसार, रात 11.47 बजे भूकंप आया, जिसका केंद्र जाजरकोट में जमीन के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का असर भारत और चीन में भी महसूस किया गया। भारत में भी करीब 40 सेकंड तक झटके महसूस किए गए।

वहीं, नेपाल की राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। जाजरकोट काठमांडू से लगभग 500 किलोमीटर पश्चिम में है। भूकंप का झटका महसूस होते ही काठमांडू में लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। इस दौरान लोग सड़कों पर डरे सहमे दिखे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है।

नेपाल के पीएमओ ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने शुक्रवार रात 11.47 बजे जाजरकोट के रामीडांडा में आए भूकंप से हुई मानवीय और घरों की क्षति पर गहरा दुख व्यक्त किया है। घायलों के तत्काल बचाव और राहत के लिए सभी तीन सुरक्षा एजेंसियों को लगाया गया है। वहीं, उन्होंने देश के भूकंप प्रभावित इलाकों का दौरा करने का फैसला लिया है। वो रवाना हो गए हैं।

## रायगढ़ में फार्मा फैक्ट्री में भीषण धमाका, चार लोगों की हुई मौत

**मुंबई, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



*महाराष्ट्र के रायगढ़ से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के महाड एमआईडीसी में एक दवा निर्माता कंपनी में भीषण विस्फोट हुआ। इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, वहीं कई लोगों के घायल होने की खबर है। ब्लू जेट हेल्थकेयर में भीषण विस्फोट हुआ। धमाके में चार लोगों की मौत हुई है। इन लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि एनडीआरएफ की टीम सबसे अंत में वहां पहुंची। फिलहाल बचाव अभियान जारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, घटना के समय कंपनी में मौजूद 11 लोगों का कुछ पता नहीं चला है।*

## सुकमा में सीआरपीएफ के जवान ने सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली, हेडक्वार्टर में ड्यूटी पर था तैनात

**सुकमा, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के सुकमा में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खबरों के अनुसार सीआरपीएफ के एक जवान ने अपने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की कोशिश की। इस घटना में जवान घायल हो गया, जिसे जगदलपुर के अस्पताल में रेफर किया गया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि इस घटना की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दरअसल, घटना सुकमा के तोंगपाल के लेदा स्थित सीआरपीएफ हेडक्वार्टर की है। जानकारी के अनुसार में सीआरपीएफ के एक जवान ने शनिवार सुबह खुद को गोली मार ली।

जवान का नाम गोकरन बताया जा रहा है और वो सीआरपीएफ के 227 बटालियन में पदस्थ था। मतदान से पहले जवान ने घटना को अंजाम दिया है। हालांकि जवान ने खुद को गोली क्यों मारी इस बात का पता नहीं चल पाया है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने गार्ड रूम को सील कर दिया है और इस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## दिल्ली में घरेलू गैस सिलेंडर हुए धमाके से चार लोगों की मौत



**दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के कमल विहार इलाके में एक घर में रसोई गैस सिलेंडर फट गया जिसमें चार लोग झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने कहा, हमें शाम साढ़े सात बजे धमाके की सूचना मिली। इसके लिए दमकल की तीन गाड़ियों की मदद ली गई। हादसे में चार लोग झुलस गए जिन्हें नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस को सूचना दे दी गई है और मामले में उनकी जांच जारी है।

## पाकिस्तान के मियांवली एयरबेस पर अज्ञात बंदूधकारियों ने किया हमला

**लड़ाकू विमानों को जलाया, 3 आतंकी मारे गए, तहरीक-ए-जिहाद ने ली जिम्मेदारी**

**इस्लामाबाद, 04 नवंबर ।**

पाकिस्तान में आतंकियों ने वायुसेना के बेस पर हमला किया है। आत्मघाती हमलावर हथियरों से लैस मियांवाली स्थित वायु सेना के अड्डे में घुस गए। अभी तक तीन हमलावर मारे गए हैं। तहरीक-ए-जिदाह संगठन ने हमले की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तानी सेना ने हमले को लेकर बयान जारी किया। कहा कि शनिवार को मियांवाली ट्रेनिंग एयर बेस पर आतंकवादी हमले की कोशिश की गई। सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई में हमले को नाकाम कर दिया। सुरक्षाकर्मियों ने 3 आतंकवादियों को बेस में घुसने से पहले ही मौत के घाट उतार दिया। तीन आतंकवादियों को सैनिकों ने घेर लिया है। पाक सेना के अनुसार, इस हमले में तीन लड़ाकू विमानों और एक ईंधन बाउजर को क्षति पहुंची है। तहरीक-ए-जिहाद के प्रवक्ता मुल्ला मुहम्मद कासिम ने एयरबेस पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने दावा किया कि कई हमलावर इसमें शामिल हैं। टीजेपी ने कहा कि बेस पर मौजूद एक टैंक को नुकसान पहुंचाया है। आतंकवादियों ने मियांवाली एयरबेस की दीवारों को पार करने के लिए सीढ़ी का इस्तेमाल किया। फिर अंदर दाखिल होने के बाद हमला शुरू कर दिया। पाकिस्तान के मियांवली एयरबेस पर अज्ञात बंदूधकारियों ने किया हमला, लड़ाकू विमानों को जलाया, 3 आतंकी मारे गए।

पाकिस्तान के मियांवली एयरबेस पर अज्ञात बंदूधकारियों ने किया हमला, लड़ाकू विमानों को जलाया, 3 आतंकी मारे गए मियांवाली एयरबेस पर इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया था। यहां तक कि एक विमान के ढांचे को आग के हवाले कर दिया था। इससे पहले शुक्रवार को सुरक्षाबलों को ले जा रहे दो गाड़ियों पर हमला हुआ था। जिसमें 14 पाकिस्तानी सैनिक की मौत हो गई।

## साप्ताहिक बाजार स्थल में नक्सलियों ने लगाए बैनर, चुनाव का किया बहिष्कार

**कांकेर, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में बस्तर और दुर्ग संभाग के 20 सीटों पर 7 नवंबर को चुनाव होना है। लेकिन चुनाव को प्रभावित करने लगातार नक्सली वारदातों को अंजाम दे रहे है और चुनाव बहिष्कार की बैनर और पर्चे फेंक रहे हैं। वहीं आज कांकेर जिले में नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार को लेकर बैनर लगाए और सड़कों पर पर्चे फेंके हैं। जिससे हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, चुनाव के दो दिन पहले कांकेर जिला मुख्यालय से महज 10 किमी दूरी पर माओवादियों ने बैनर लगाया है। जिससे गांव में हड़कंप मच गया है। बैनर में नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार करने की बात लिखी है। यह मामला कांकेर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी का है। देवरी गांव के सप्ताहिक बजार स्थल में नक्सलियों ने बैनर लगाया है। इसके साथ ही नक्सलियों ने आमाबेड़ा से नागरबेडा मार्ग में पर्चा फेंका है। पर्चे में चुनाव बहिष्कार करने की बात है। जनताना सरकार को बचाने और मजबूत एवं वोट मांगने वाले राजनीतिक पार्टियों को कटघरे में खड़ा कर सजा देने की बात लिखी गई है. यह मामला आमाबेड़ा थाना क्षेत्र का है।

## बवाना में प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग, दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर

बाहरी दिल्ली। बवाना औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। अभी तक किसी हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग की 20 गाड़ियां आग को नियंत्रित करने में जुटी हैं। सेक्टर-5 स्थित फैक्ट्री में सुबह नौ बजे एकाएक आग लग गई। प्लास्टिक उत्पाद होने के कारण आग तुरंत पूरे परिसर में फैल गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 20 गाड़ियों को आग बुझाने के लिए मौके पर भेजा गया है। आग को अभी नियंत्रित नहीं किया जा सका है।अभी किसी हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों के बारे कभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।


## पर्यटक बस खाई में गिरी महिला की मौत, 5 घायल

**चिक्कमगलुरू, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

कर्नाटक के जिले में शनिवार तड़के एक पर्यटक बस के जंगल की खाई में गिर जाने से एक महिला की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना मुदिगेरे तालुक के गोनिबिदु पुलिस स्टेशन की सीमा में चीकनहल्ली क्रॉस के पास हुई, जब एक मोड़ पर चलते समय चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया।घायलों को हसन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतका की पहचान बेंगलुरु के येलहंका की सुरेखा (45) के रूप में हुई है। बस में कुल 48 पर्यटक यात्रा कर रहे थे, जो हिंदू तीर्थस्थल होरानाडु जा रही थी। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि इससे पहले भी इस क्षेत्र में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए खतरनाक हिस्से पर अवरोध की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अधिकारियों ने आंखें मूंद ली हैं।

## सिंहदेव को चुनाव अधिकारी ने जारी किया नोटिस, आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

**बैकुंठपुर, 04 नवंबर [एजेंसी]।**




कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव को नोटिस मिला है। जानकारी के मुताबिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव को नोटिस भेजा गया है। दरअसल, करजी हाईस्कूल मैदान में कांग्रेस की सभा हुई थी, जिसमें स्कूल यूनिफार्म में स्कूली छात्र -छात्राएं भी शामिल हुए थे। ये सभा गुरुवार को चरणदास महंत की मौजूदगी में हुई थी। इस मामले में स्वामी आत्मानंद स्कूल पटना के प्राचार्य को भी नोटिस मिला है।

रिटर्निंग आफिसर ने ये नोटिस जारी किया है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई। प्रदेश में दो चरण में मतदान होने हैं। पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को तो वहीं, दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होगा और 3 दिसंबर को मतगणना होगी। चुनाव के नजदीक आते ही प्रदेश में प्रचार-प्रसार भी जोरों पर है।

## दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके, देर तक कांपती रही धरती



**नई दिल्ली ।** दिल्ली-एनसीआर, यूपी, बिहार और उत्तराखंड सहित उत्तर भारत में तेज भूकंप आया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार भूकंप के झटके करीब 20 सेकेंड तक महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र नेपाल बताया जा रहा है। भूकंप के तेज झटकों के कारण लोगों में हड़कंप मच गया। लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों का कहना है कि उन्होंने काफी देर तक झटके महसूस किए। रिक्टर पैमान पर भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई है।

## चोटिल हार्दिक पंड्या विश्व कप से बाहर प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में मिली जगह

**नईदिल्ली, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या वनडे विश्व कप 2023 से बाहर हो गए हैं। यह टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका है। पहले उम्मीद थी कि हार्दिक नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच में आ जाएंगे, लेकिन अब साफ है कि वर्ल्ड कप में कोई भी मैच नहीं खेलेंगे। हार्दिक की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम विश्व कप 2023 में अब तक अजेय है। वह सात मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। अब भारत का सामना रविवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

फिर 12 नवंबर को नीदरलैंड्स से मुकाबला है। इसके बाद 15 या 16 नवंबर को सेमीफाइनल खेला जाएगा। हार्दिक पंड्या ने ना होने से भारतीय टीम अपने कॉम्बिनेशन में उन्हें मिस करेगी। लेटेस्ट अपडेट के अनुसार, हार्दिक अपने टखने की चोट से उबरने में नाकाम रहे। टूर्नामेंट के बाकी मैच मिस करेंगे। पुणे में 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ मैच में उन्हें गेंदबाजी करते समय टखने में चोट लग गई थी।






**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## पुलिस टीम पर जानलेवा हमला दो एएसआई समेत तीन घायल

**जमशेदपुर, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



परसुडीह थाना क्षेत्र के बारीगोड़ा रेलवे फाटक के पास शुक्रवार देर रात छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हथियार से लैस अपराधियों ने जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही पत्थरबाजी भी की।

घटना में सहायक अवर निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा और सतीश कुमार पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, हवलदार राजकुमार को मामूली चोट आई है। सतीश पांडे का सिर फट जाने के कारण बेहतर इलाज को टीएमएच में दाखिल कराया गया है, वहीं सुरेंद्र शर्मा को सदर अस्पताल में दाखिल कराया गया। उनके बांह और हाथ में चोट लगी है। दोनों एएसआई बिना वर्दी के थे। घायल होने के बावजूद दोनों एएसआई ने हमलावरों को दबोच लिया। इनमें एक अपराधी के पास से पिस्तौल बरामद की गई है, जबकि तीन भागने में सफल रहे। इस दौरान अपराधियों द्वारा गोली भी चलाने के प्रयास किया गया।

# मतदान केन्द्रों, जांच नाको का अवलोकन किया प्रेक्षकों ने

## प्रेक्षक सी. के. जमातिया, प्रियतु मण्डल सहित व्यय और पुलिस प्रेक्षक जिले में कर रहे भ्रमण





**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कोरबा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सहित व्यय और पुलिस प्रेक्षक कोरबा जिले में मतदान केंद्र, स्थैतिक निगरानी दल-चेकपोस्ट आदि का अवलोकन कर रहे हैं। वे ग्रामीणों से मुलाकात कर शत-प्रतिशत् मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में पाली-तानाखार तथा कटघोरा विधानसभा हेतु नियुक्त प्रेक्षक आई.ए.एस. श्री सी.के.जमातिया ने आज पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री जमातिया ने मतदान केंद्र क्रमांक 178 प्राथमिक शाला सिंघिया, प्राथमिक शाला तुमान मतदान केंद्र क्रमांक 120, प्राथमिक शाला बरबसपुर मतदान केंद्र क्रमांक 141, कटोरी नगोई मतदान केंद्र क्रमांक 91, मतदान केंद्र क्रमांक 88 जटगा, मतदान क्रेंद्र क्रमांक 01 अमझर, मतदान क्रेंद्र क्रमांक 35-36 पोड़ीकला का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने पोड़ीकला मतदान केंद्र में रैम्प तथा लाईट की व्यवस्था के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक श्री ओर.एन हरिप्रसाद राव ने स्थैतिक निगरानी दल मोरगा चेकपोस्ट तथा शिकायत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा पुलिस आब्जर्वर द्वारा बगदेवा में स्थैतिक निगरानी दल चेकपोस्ट नाका की जांच की गई। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे। प्रेक्षक ने स्थैतिक निगरानी दल द्वारा चेकपोस्ट के माध्यम से की जा रही जांच का भी अवलोकन किया। इसी तरह कोरबा और रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक श्री प्रियतु मण्डल ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कोटमेर, बरपाली सहित अन्य ग्रामों का दौरा किया। उन्होंने मतदान केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित किया।

### व्यय प्रेक्षक द्वारा शिकायत मॉनिटरिंग सेल एवं स्थैतिक निगरानी दल का निरीक्षण

कोरबा जिले में चार विधानसभाओं में कोरबा, रामपुर, पाली-तानाखार एवं कटघोरा के लिए चुनाव आयोग द्वारा पदस्थ व्यय प्रेक्षक श्री ओ. एन हरिप्रसाद राव के द्वारा शिकायत मॉनिटरिंग सेल का गहन निरीक्षण कर विधानसभावार प्राप्त होने वाली विधि शिकायतों के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही उनके द्वारा पाली-तानाखार विधानसभा के दूरस्थ ग्राम मोरगा एवं कोरबी में स्थित स्थैतिक निगरानी दलो के कार्यों की समीक्षा की गई एवं दलो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक श्री राव को डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी श्री विकास चौधरी द्वारा ऑफलाइन शिकायत/टेलीफोन से प्राप्त शिकायत एन.जी.एस, सी-विजिल/सी.एम.एस आदि माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं उनका निराकरण करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर हुई कार्यवाही

**कोरबा ।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिले में खनिज विभाग द्वारा गौण खनिज आधारित क्षेत्रों से रेत के अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भंडारण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु जिले के नगरीय निकाय सहित ग्रामीण क्षेत्रों पर खनिज अमलो की तैनाती कर नियमित कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौण खनिज रेत की रायल्टी की चोरी की रोकथाम हेतु विभाग के अमला द्वारा कसरेंगा, कटघोरा, उरगा, कुसमुंडा, कुरुडीह, भैंसामुंडा, बरमपुर, ईमलीडुग्गु, भिलाईखुर्द, भैंसमा, अकलतरा आदि स्थानों से अक्टूबर 2023 माह में 36 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसके अंतर्गत गौण खनिज रेत के 29 प्रकरण दर्ज कर कुल 3 लाख 85 हजार 324 रुपए अर्थदंड वसूल किया गया है एवं शेष प्रकरणों में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त प्रकरणों में वाहनों को जब्त कर छत्तीसगढ़ गौण खनिज के विभिन्न अधिनियमों अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

# स्ट्रांग रूम में रखे ईव्हीएम की सुरक्षा हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने झगरहा स्थित आईटी कॉलेज कोरबा में निर्मित स्ट्रांग रूम में रखे ईव्हीएम मशीन की सुरक्षा हेतु संयुक्त कलेक्टरसेवाराम दीवान को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही उनकी सहायता के लिए अन्य कर्मचारियों की भी विभिन्न पालियों में ड्यूटी निर्धारित की गई है।

सहायक कर्मचारियों के अंतर्गत श्री दीपेश यादव सहायक ग्रेड-03 हायर सेकेण्डरी स्कूल कोरकोमा की ड्यूटी सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक, आलोक पाणिग्रही सहायक ग्रेड-03 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुरमाल की ड्यूटी दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक, विजय आदिले सहायक ग्रेड-03 बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल बाल्को की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक तथा संदीप भारद्वाज सहायक ग्रेड-03 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरगा की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 06 तक के लिए निर्धारित की गई है।

# 06, 10 और 14 नवंबर को निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के निर्देश

**कोरबा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 आयोग के निर्देशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के आज्ञापक प्रावधानों के अंतर्गत कोरबा जिले के विधानसभा निर्वाचन हेतु घोषित अभ्यर्थियों को दस्तोवज के साथ 06, 10 एवं 14 नवंबर को व्यय लेखा के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

# सेवा मतदाताओं को ईटीपीबीएस ऑनलाइन प्रेषित किया गया



**कोरबा।** जिले के ऐसे मतदाता जो जिले से बाहर हैं और जिन्होंने इलेक्ट्रानिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) के माध्यम से मतदान करने का विकल्प चुना है, उन्हें सेवा मतदाता के रूप में वोट डालने ईटीपीबीएस के माध्यम से सूचना ऑनलाइन प्रेषित की गई है। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारियों अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू, श्री श्रीकांत वर्मा, श्रीमती रिचा सिंह, श्री हरिशंकर पैंकरा की उपस्थिति में सेवा मतदाताओं को ऑनलाइन ईटीपीबीएस प्रेषित किया गया। जिले में कुल 539 सेवा मतदाता हैं, जिसमें विधानसभा क्रमांक 20 रामपुर में 108, विधानसभा क्रमांक 21 कोरबा में 211, विधानसभा क्रमांक 22 कटघोरा में 112 और विधानसभा क्रमांक 23 पाली-तानाखार में 108 हैं। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारत के सशस्त्र बलों, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीमा सड़क संगठन ने या केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल आदि सेवा के मतदाताओं को सेवा मतदाता के रूप में नामांकन करने का विकल्प दिया गया है।

# रामपुर से 9, कोरबा 19, कटघोरा 14 एवं पाली-तानाखार से 9 अभ्यर्थी आजमाएंगे अपनी किस्मत

**कोरबा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों हेतु नाम वापसी पश्चात कुल 51 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। विधानसभा रामपुर से 09 कोरबा से 18 कटघोरा से 14 एवं विधानसभा पाली-तानाखार से 09 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे।

अभ्यर्थियों को संबंधित रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रतीक चिन्ह भी आबंटित किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थी, पार्टी का नाम एवं उन्हें आबंटित प्रतीक चिन्ह का विवरण इस प्रकार है-

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर- जगत राम राठिया-बहुजन समाज पार्टी-हाथी, श्री ननकी राम कंवर- भारतीय जनता पार्टी-कमल, श्री फूल सिंह राठिया-इंडियन नेशनल कांग्रेस-हाथ, श्री बालमुकुंद राठिया-जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे)-वर्ग में हल जोतता किसान, श्री अलेक्जेंडर टोप्पो-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी-छड़ी, कन्हैया आनंद कंवर-हमर राज पार्टी-बाल्टी, श्री बिरेश्वर कंवर-निर्दलीय-स्पैनर, श्री धनवार वेदलाल वनवासी-निर्दलीय-बैटरी टॉर्च, श्री रामदयाल उरांव -निर्दलीय-ट्रक।विधानसभा क्षेत्र क्र. 21 कोरबा- श्री जयसिंह अग्रवाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस-हाथ, श्री धनंजय सिंह चंद्रा-बहुजन समाज पार्टी-हाथी, श्री पुरन लाल साहू-जनता कॉंग्रेस छत्तीसगढ- वर्ग में हल जोतता किसान, श्री लखनलाल देवांगन-भारतीय जनता पार्टी-कमल, श्री इंजीनियर विशाल केलकर-आम आदमी पार्टी-झाड़ू, अब्दुल नफीश खान 'अधिवक्ता'-गणा सुरक्षा पार्टी-बैटरी टॉर्च, श्री मदन लाल चंद्रा-बलीराजा पार्टी-गैस सिलेण्डर, श्री योगेश साहू-पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक)-स्कूल का बस्ता, श्री रणबीर आदिले-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी-छड़ी, श्री राजकुमार दुबे-लोक जन शक्ति पार्टी(राम विलास)-हेलीकॉप्टर, श्री सुनील कुमार तायल-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी-बांसुरी, श्री सुनील सिंह-कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-बाल और हंसिया, श्री राजेश कुमार पांडेय-निर्दलीय-कांच का गिलास, श्री घनश्याम चंद्रा गांधी-निर्दलीय-माचिस की डिब्बी, श्री लखन लाल देवांगन-निर्दलीय-पानी का जहाज, श्री प्रवीण मसीह-निर्दलीय-एयरकंडीश्नर, श्री मिर्जा मुस्ताक अहमद-निर्दलीय-फुटबॉल, श्री अंकित अग्रवाल-निर्दलीय-बल्ला तथा श्री सिमॉन फ्रान्सीश-निर्दलीय-बल्लेबाज।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-22 कटघोरा- श्री चंद्रकांत डिक्सेना-आम आदमी पार्टी-झाड़ू, श्री जवाहर सिंह कंवर-कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्कसिस्ट)-हथोड़ा, हंसिया, सितारा, श्री पुरुषोत्तम कंवर- इंडियन नेशनल कांग्रेस-हाथ, श्री प्रेमचंद पटेल-भारतीय जनता पार्टी-कमल, श्री इंजीनियर सत्यजीत कुर्रे-बहुजन समाज पार्टी-हाथी, श्री सपुरन कुलदीप- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)-वर्ग में हल जोतता किसान, श्री कल्याण सिंह तंवर-छत्तीसगढ़िया पार्टी-गैस सिलेण्डर, श्री दिलीप कंवर (डी. के. सरजाल)-आम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया-कोट, श्री भुवनेश्वर सिंह श्रोते-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी-आरी, श्री मिलन दास दीवान-गणा सुरक्षा पार्टी-बैटरी टॉर्च, श्री सुरेंद्र राठौर (सोनू भैया)-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी-छड़ी, श्री रविन्द्र महंत-निर्दलीय-कांच का गिलास, श्री अजय सिंह-निर्दलीय-हॉकी और बॉल, श्री सुदामा राम-निर्दलीय-बांसुरी।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 23 पाली-तानाखार- श्री उइके रामदयाल -भारतीय जनता पार्टी-कमल, श्री छत्रपाल सिंह कंवर- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)-वर्ग में हल जोतता किसान, श्रीमती दुलेश्वरी सिदार- इंडियन नेशनल कांग्रेस-हाथ, श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी-आरी,, श्री देवराज सिंह मरकाम-छत्तीसगढ़िया पार्टी-गैस सिलेण्डर, श्री बाबू सिंह कंवर-निर्दलीय-चारपाई, श्री छवि राज-निर्दलीय-बैटरी टॉर्च, श्री आनंद कुमार तंवर-निर्दलीय-टीलर, श्री शिवरात पैकरा (कंवर)-निर्दलीय-छड़ी।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा से कुल पांच अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापिस लिया। इनमें विधानसभा क्षेत्र रामपुर से श्रीमती सुनीता देवी कंवर-निर्दलीय, कोरबा से श्री सेवक राम अंचल (अंचल भैया)-निर्दलीय, श्री रज्जाक अली-निर्दलीय, श्री शेरे हक़-निर्दलीय और कटघोरा से श्री रवि कुमार रजक-निर्दलीय शामिल हैं।

### मतदान दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित

**कोरबा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत राज्य शासन द्वारा प्रदेश के निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। सहायक श्रम आयुक्त कोरबा ने बताया कि मतदान में कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों/संस्थानों में कार्य करने वाले श्रमिको एवं कर्मचारियों के लिए मतदान के प्रथम चरण 07 नवंबर 2023 एवं द्वितीय चरण 17 नवंबर 2023 को सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि सप्ताह के सातों दिवस कार्य करने वाले कारखानों में प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे का अवकाश दिया जाएगा। इसी तरह समस्त दैनिक वेतनभोगी व आकस्मिक श्रमिकों-कर्मचारियों के साथ-साथ निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आने वाले कारखानों में कार्यरत् श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# पिकनिक मना रहे लोगों पर दंतैत ने किया हमला,युवक की मौत



**कोरबा।** पिकनिक मनाने गए युवकों पर दंतैल हांथी ने हमला कर दिया जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। यह घटना कटघोरा वन मण्डल के केंदई रेंज के चोटिया के पास की है। इस घटना की सूचना के बाद मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची है, और आगे की जांच पड़ताल कर रही है।आपको बता दें कि कटघोरा वनमंडल क्षेत्र में 35 हांथीयों का दल विचरण कर रहा है, जिसमें से झुंड से बिछड़े एक दंतैल हांथी ने घटना को अंजाम दिया है।वही मृतक राम कुमार पिता महीपाल सलईगोट निवासी के रूप में पहचान हुई है। इस घटना के बाद से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने वन कर्मियों पर गुस्सा उतारते हुए उन्हें काफी देर तक बंधक बनाए रखा दंतैल हाथी द्वारा किए गए हमले में युवक की मौत से क्षेत्र में दहशत का माहौल भी बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही डीएफओ कुमार निशांत मौके पर पहुंचे और ग्रामीणो को समझाईश देकर शांत कराया। उन्होनें हमले में मृत युवक के परिजनों को वन विभाग की ओर से दी जाने वाली तत्कालिक सहायता राशि रूपए 25 हजार मौके पर प्रदान किए वहीं बताया कि शेष 5 लाख 75 हजार रूपए की मुआवजा राशि शीध्र ही प्रदान की जाएगी।

# चमचमाती गाड़ियों को किसने लवारिस छोड़ा,जांच में जुटी पुलिस



**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर रोकने हेतु दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए थे जिस पर थाना प्रभारी कुसमुंडा कृष्ण कुमार वर्मा के नेतृत्व में दिनांक 02.11.2023 को शाम वाहन चेकिंग के दौरान कुचेना कुसमुण्डा क्षेत्र में 04 नग नया होण्डा साईन 125 सीसी मोटर सायकल, 04 नग नया होण्डा साईन 100 सीसी मोटर सायकल, 05 नग नया होण्डा एक्टिवा स्कूटी मिला किमत लगभग 13,00,000 रुपये है जो लावारिस हालत में मिला है उक्त मोटर सायकल चोरी का माल होने के संदेह पर मौके पर धारा 102 जा.फौ. में जप्त कर कब्जा पुलिस लिया है। जप्त शुदा 04 नग नया होण्डा साईन 125 सीसी मोटर सायकल, 04 नग नया होण्डा साईन 100 सीसी मोटर सायकल, 05 नग नया होण्डा एक्टिवा स्कूटी किमत लगभग 13,00,000 रुपये है को इश्तगासा क्रमांक 10/2023 धारा 102 जा. फौ. कायम कर विवेचना में लिया गया।उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कृष्ण कुमार वर्मा, स.उ.नि. संतराम सिन्हा, प्रधान आरक्षक, आरक्षक 828 जशपाल सिंह, आरक्षक 165 सुरेश कैवर्त, आरक्षक 305 मदन जायसवाल, आरक्षक 819 पुष्पेन्द्र साहू, आरक्षक 716 खगेश्वर साहू की भूमिका रही।

# लायंस स्कूल के विद्यार्थियों को दिया गया कैरियर मार्गदर्शन



**कोरबा।** लायंस इंग्लिश स्कूल लालुराम कॉलोनी कोरबा में के.के. मोदी यूनिवर्सिटी के मार्गदर्शन में 11वीं और 12वीं के कॉमर्स और साइंस संकाय के विद्यार्थियों का कैरियर मार्गदर्शन किया गया। इसमें आईटी, एआई में भविष्य में क्या कॅरियर है बताया गया। साथ ही बिजनेस और नौकरी से संबंधित मार्गदर्शन किया गया। विद्यार्थियों में जानने की उत्सुकता दिखी। के.के. मोदी यूनिवर्सिटी से आए गोपाल शर्मा, दौलत शर्मा एवं सहयोगी टीम ने मार्गदर्शन दिया। सभी बालक-बालिकाएं इससे बहुत खुश हुए एवं आने वाले समय में भी क्लास लगाने के लिए कहा गया। इस दौरान लायंस स्कूल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर लायन भगवती अग्रवाल, लायंस क्लब कोरबा ट्रस्ट चेयरमैन लायन श्रीकांत बुधिया, स्कूल चेयरमैन एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, सचिव लायन मधु पाण्डेय, क्लब अध्यक्ष लायन मीना सिंह, प्राचार्य रमेश शर्मा एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# कम्प्यूटर कॉलेज में हुआ रक्त दान शिविर का सफल आयोजन



**कोरबा ।** शिक्षण समिति द्वारा संचालित, कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन, कोरबा शिक्षण समिति, नि:स्वार्थ सेवा संस्था, स्व. बिसाहू दास महंत मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कोरबा शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, महाविद्यालय के प्राचार्या संगीता रावत, जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट डॉ. जी एस जात्रा, नि:स्वार्थ सेवा संस्थान के नितिश साहू तथा एचडीएफसी बैंक के अधिकारी तथा महाविद्यालय शिक्षक, विद्यार्थियों की उपस्थिति में महाविद्यालय के सभागृह में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम, रक्तदान शिविर सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान से तनाव कम, भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार होता है, रक्तदान के दौरान फ्री चेकअप से शरीरिक लाभ होता है, नाकारात्मक भावनाओं से छुटकारा पाने में मदद मिलती है तथा अक्सर रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर एवं दिल के दौरे का जोखिम कम हो सकता है।

जिला चिकित्सालय के पैथोलाजिस्ट डॉ. जी एस जात्रा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हमें वर्ष में 3 से 4 बार चिकित्सिय परामार्श पश्चात रक्तदान करना चाहिए, रक्तदान से किसी भी प्रकार की परेशानी या कमजोरी नहीं होती है, रक्तदान से सिकलिंग, थैलेसीमिया, डायलिसिस, कैंसर, एक्सीडेंट व आपातकाल एवं गंभीर रूप से रक्त सम्बंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के काम आता है, इसीलिए हमें आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।

महाविद्यालय की प्राचार्या संगीता रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान महादान है और हमें नि:स्वार्थ भाव से, स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान हेतु प्रेरित करना चाहिये, इस वृहद रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के कक्षा बीसीए/बीबीए/बीकॉम/डीसीए/पीजीडीसीए के विद्यार्थियों, शिक्षिक ङ्क शिक्षिकाओं ने बढ-चढ़कर रक्तदान किये, स्व. बिसाहू दास महंत मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा प्रत्येक रक्तदाताओं को फल, जूस एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया एवं महाविद्यालय परिवार को उनके द्वारा दिये गये अतुलनीय योगदान के लिए शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

# नहर में बहे युवक की मिली लाश

**कोरबा।** जिले के बरपारा कोहड़िया नहर में बहे युवक की लाश तीन दिन बाद पड़ोसी जिला सक्ति के नगरदा गांव के पास मिली है. सक्ति पुलिस ने इसकी सूचना कोरबा पुलिस को दी है. इसके बाद जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव का पहचान किया. शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र का है.

बताया जा रहा है कि कोहड़िया निवासी 19 वर्षीय ऐश कुमार केवट 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था. वह कोहड़िया नहर में मंगलवार को बह गया था, जिसकी तलाश जारी थी. आज यानी शुक्रवार की सुबह उसकी लाश सक्ति जिले के नगरदा गांव के पास मिली है.

मृतक के परिजनों की माने तो मंगलवार की सुबह 10 बजे रोज की तरह नहर में नहाने के लिए गया हुआ था. इसके बाद काफी समय बीत जाने के बाद जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों को कोई अनहोनी होने की आशंका हुई. इस पर परिजन जब नहर पर जाकर देखे तो वहां युवक के कपड़े, चप्पल और अन्य सामान पड़े हुए थे.

## सरकारी कार्यालयों के आसपास डपिंग यार्ड बनाने से हो रही समस्या



**जांजगीर-चांपा।** शहर में निर्माण कार्य क्या हो रहा यहीं के तीन प्रमुख दफ्तरों के लिए जी का जंजाल बन गया है। दरअसल, यहां पर सड़क व नाली निर्माण के लिए निकाली गई मिट्टी को इन विभाग के वाहन पार्किंग स्थल में ही पाटा जा रहा है। इसके चलते यहां के तीन-तीन विभाग के अधिकारियों के लिए गाड़ी रखने के लिए भी जगह नहीं है। इसके चलते अधिकारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी बात यह है कि इन्हें रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। ज्ञात हो कि इन दिनों में बीच शहर में नाली व सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण व नाली निर्माण के लिए जगह जगह गड्ढों की खुदाई हो रही है। इन गड्ढों से निकली मिट्टी को शहर के बाहर डंप करने के बजाए ठेकेदारों ने आदिवासी विकास विभाग के ग्राउंड में डंपिंग यार्ड बना दिया गया है। इससे तीन-तीन विभाग के अधिकारियों को अपनी सरकारी वाहन खड़ी करने के लिए भी जगह नहीं बन पा रही है। विभागीय अधिकारी अब अपनी वाहनों को सड़क किनारे खड़ी करने लगे हैं। इससे आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आदिवासी विभाग, डीईओ आफिस व सहायक आयुक्त आबकारी विभाग के दफ्तर एक ही कंपाउंड में लगती है। जब यहां कलेक्टोरेट व एसपी आफिस रहा करती थी तब यहां तक पहुंचने के लिए चकाचक सड़कें होती थी। लेकिन जब से यहां से कलेक्टोरेट व एसपी आफिस उठकर गई है तब से यहां की सुध लेने वाला कोई नहीं है। बदहाल सड़कें और उपर से उसमें मिट्टी पाटे जाने से विभागीय अधिकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तीनों आफिस जाने के लिए तंग व मिट्टी युक्त सड़क का सामना करना पड़ता है।

# डा. महंत के चुनाव कार्यालय का सक्ती में हुआ उद्घाटन, कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

**सक्ती।** नगर पालिका क्षेत्र सक्ती के स्टेशन रोड जिंदल प्लाजा के सामने कांग्रेस के प्रत्याशी डा.चरणदास महंत के चुनाव कार्यालय का डा. महंत व जयसिंह अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। डा. महंत के चुनाव कार्यालय का आगाज जोरदार सियासी समारोह के साथ हुआ इस दौरान सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे के नारे के साथ यहां कांग्रेस के तमाम छोटे बड़े नेताओं का जमावड़ा लगा रहा।

नगर पालिका सक्ती क्षेत्र के कुल 18 वार्डों के लिए चुनावी कमान संभाली कांग्रेसी नेता डिवीजन प्रभारी की जिम्मेदारी मिली श्याम सुंदर अग्रवाल एवं सहयोगी आनंद अग्रवाल जो शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे जो जवाबदेही दिया है उस पर मैं खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजन कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगा।



विदित हो कि सक्ती विधानसभा का चुनाव 17 नवंबर को होने जा रहा है जहां भाजपा व कांग्रेस के बीच चुनावी मुकाबला बेहद ही रोचक नजर आ रहा है, कांग्रेस उम्मीदवार डा.चरणदास महंत के चुनाव कार्यालय के शुभारंभ मौके पर श्याम सुंदर अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, जिला अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल, नरेश गेवाडीन, अमित अग्रवाल,गिरधर जायसवाल, किशन अग्रवाल सुरेश अग्रवाल राहुल अग्रवाल मनीष , संतोष लाला सोनी, जिवेन्द्र पिंटू सरपंच, राम सजीवन देवांगन, नानू भाचा,चंद्र कुमार सोनी, राजेश राठौर,केशव राठौर, पप्पू उगेंद्र, हरीश कालू,रघुनाथ कालू, घनश्याम देवांगन, श्याम सोनी, मनोज जायसवाल,श्रीमती गीता देवांगन, रिकी सेवक, विजय बहादुर, चंद्र कुमार देवांगन, सहित कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर जोरदार स्वागत का क्रम चला और सभी छोटे बड़े नेताओं ने एकसुर में कांग्रेस की जीत का संकल्प दोहराया।

## मृतक के नाम से ऋण निकालने के चक्कर में सिवनी का समिति प्रबंधक बर्खास्त

**जांजगीर-चांपा।** मृत व्यक्ति के नाम केसीसी लोन निकालकर हजम करने के मामले में आखिरकार सेवा सहकारी समिति सिवनी चांपा के प्रभारी समिति प्रबंधक ललित देवांगन को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई सहकारी संस्थाएं जांजगीर के उप पंजीयक के पत्र के आधार पर प्रबंध मंडल कार्यकारिणी समिति की बैठक में की गई। ललित देवांगन की जगह अब प्रभारी समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी महावीर बरेठ को सौंपी गई है।

चांपा से लगे सिवनी निवासी मृत व्यक्ति सागर सिंह पिता धवन सिंह के नाम वर्ष 2022-23 में 1 लाख 35 हजार केसीसी लोन समिति प्रबंधक ललित देवांगन ने तैयार किया था। मामला प्रकाश में आने के बाद शिकायत की जांच कराई गई। जिसमें ललित देवांगन सहित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक चांपा के कर्मचारियों को दोषी ठहराया गया। सहकारी संस्थाएं जांजगीर के उप पंजीयक ने ललित देवांगन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी व बलौदा के सहकारिता विस्तार अधिकारी को पत्र लिखा था।इस पर संज्ञान लेते हुए बलौदा के सहकारिता विस्तार अधिकारी जेके टंडन ने सेवा सहकारी समिति मर्या. सिवनी के प्रभारी समिति प्रभारी ललित देवांगन को नोटिस जारी कर सप्ताह भर के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा था, लेकिन जवाब तो दूर ललित देवांगन सेवा सहकारी समिति सिवनी आना ही बंद कर दिया। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रबंध मंडल कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई जिसमें सेवा नियम 2018 के कंडिका 16-4 एवं 16-5 के तहत ललित देवांगन को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। उनकी जगह महावीर बरेठ को प्रभारी समिति प्रबंधक की जवाबदारी सौंपी गई है।

कानून के जानकारों का कहना है कि अपराधिक षड्यंत्र करते हुए मृत व्यक्ति के नाम केसीसी लोन सहित धान बिक्री और बोनस की राशि आहरण करना अपराध की श्रेणी में आता है। जिसमें धारा 420 की कार्रवाई हो सकती है।

# कचरा का पहाड़ बन रहा बस स्टैंड में

**हसौद ।** ग्राम पंचायत हसौद की निष्क्रियता के कारण गांव के मुख्य स्थानों में कचरों का ढेर लगते जा रहा है। सरपंच - सचिव और जनप्रतिनिधि के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा है। कुछ वर्ष पहले ही हसौद में नये बस स्टैंड का निर्माण किया गया मगर यहां एक भी कूड़ा दान बनाना ग्राम पंचायत ने जरूरी नहीं समझा । मोहल्लेवासियों के साथ ही ग्रामीण अपने घर के सभी प्रकार के कचरा को नवीन बस स्टैंड में ही फेंक रहे है जिससे नवीन बस स्टैंड के आसपास कचरे का ढेर लगते जा रहा है।



बस स्टैंड होने के कारण यहां यात्रियों के विश्राम के लिए यात्री प्रतिक्षालय का भी निर्माण किया गया है जहां बैठकर यात्री बस का इंतजार करते हैं। मगर कचरों से उठने वाली दुर्गंध के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिक्षालय का यात्री उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। स्टैंड में बसों के खड़े होने के लिए जगह नहीं है। वहीं किसानों का खेत जाने के लिए भी बस स्टैंड से लगा हुआ मार्ग है लेकिन कचरों की ढेर की वजह से किसान कचरों ऊपर से गुजर कर खेत जाने को मजबूर है। वहीं कचरों से उठने वाली दुर्गंध के चलते यहां एक पल भी रुकना मुश्किल हो जाता है। बस स्टैंड बनने के पहले भी यहां कचरों का पहाड़ था जिसे साफ कराया गया था । वहीं ग्राम पंचायत द्वारा एक बेनर भी लगाया गया था जिसमें कचरा फेकने वालों पर जुर्माना लगाए जाने का उल्लेख था। बैनर लगाने के बाद कचरा फेंकना बंद हो गया था और यह एक स्वच्छ स्थान बन गया था लेकिन अब ग्राम पंचायत की लापरवाही की वजह से फिर से यहां पर कचरों का ढेर लग गया है। इस समस्या का समाधान करने के लिए ग्रामीण सरपंच प्रतिनिधि मनबोध साहू से कई बार निवेदन कर चुके हैं मगर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**वर्मी कंम्पोस्ट खाद की टंकी भी कचरों से पटा**

कुछ वर्ष पहले ही बाजार चौक तालाब पार में हजारों रूपये की लागत से वर्मी कंम्पोस्ट खाद के लिए टंकी का निर्माण किया गया था । लेकिन ग्रामीणों के साथ - साथ व्यापारियों के द्वारा यहां कचरा फेंका जाता है। वह कचरा अब तालाब में गिर रहा है जिससे तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है। वहीं कचरे की दुर्गंध से इस राह से गुजरना मुश्किल हो रहा है। मगर फिर भी जनप्रतिनिधियों की नजर इस समस्या की ओर नहीं पड़ रही है।

## हल्के बादल और नमी के कारण बढ़ा तापमान, अगले दो-तीन दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

**जांजगीर।** ठंड की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन बंगाल की खाड़ी से आने वाले नमी युक्त हवाओं और आसमान में छाए बादलों के कारण न्यूनतम तापमान में एक डिग्री बढ़ोतरी हुई है। इसके कारण ठंड का असर थोड़ा कम हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो तीन दिन मौसम में बदला रहेगा।

## कैंडल जलाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**जांजगीर।** जनपद पंचायत पामगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को वोट के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च जनपद परिसर से लेकर सद्भावना भवन तक निकाला गया। साथ ही शासकीय स्कूल परिसर में कैंडल जलाकर छात्र छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया व शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जनपद सीईओ व अन्य स्टाफ समेत स्कूल के प्राचार्य छात्र-छात्राएं, स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# किस्मत को आजमाने के लिए कई क्षेत्रों में जुआड़ियों की टीम सक्रिय

**जांजगीर - चांपा।** शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में इन दिनों जुए का कारोबार फल फूल रहा है। रोजाना बड़ी संख्या में जुआरी फड़ में पहुंचकर लाखों रूपये का दांव लगा रहें हैं। यहां जिला सहित पड़ोसी जिले के जुआरी भी दांव लगाने पहुंच रहे हैं। लेकिन पुलिस छोटे मोटे जुआरियों को पकड़नें में लगी हुई है। जबकि बड़े जुआरियों तक पुलिस नहीं पहुंच पा रही है। जुआ फड संचालक द्वारा स्थान बदल बदलकर जुआ का संचालन किया जा रहा है।

ग्राम रिंगनी में फड़ संचालक द्वारा जुआ खेलाया जा रहा है। जिसमें जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार, बिलासपुर सहित अन्य जिले के जुआरी भी दांव लगाने पहुंच रहे हैं। जुआ संचालन करने वाले लोग जुआरियों के लिए सारी सुविधाएं मुहैया कराते हैं। जुआरियों के नेटवर्क इतने मजबूत हैं कि पुलिस की टीम निकलते ही सूचना जुआरियों तक पहुंच जाती है। पुलिस के पहुंचने से पहले जुआरी भाग जाते हैं। जुआ के फड़ के काफी दूर पहले चारो ओर उनके गुर्गे खड़े रहते हैं जैसे ही उन्हें कोई भी अपरिचित व्यक्ति दिखाई पड़ता है सूचना तुरंत फड़ तक पहुंच जाती है। लोगों का कहना है कि जुए को एक स्थानीय नेता का संरक्षण प्राप्त है इसलिए भी जुए पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

**पचरी में जुआ खेलते दो जुआरी पकड़ाए, बाकी फरार**

ग्राम पचरी मेंजुआ खेल रहे दो जुआरी को पुलिस ने पकड़ा है। जबकि बाकी जुआरी फड़ से फरार हो गए । पुलिस ने जुए के फड़ से 7 हजार रूपये नकद और चार बाइक बरामद किया है।साइबर सेल की टीम को सूचना मिली कि शिवरीनारायण थाना के ग्राम पचरी में जुए का फड़ लगा हुआ है और जुआरी दांव लगा रहे हैं। सूचना पर साइबर सेल की टीम ने शिवरीनारायण स्टाफ केसाथ दबिश दी । पुलिस को आते देखकर मौके से कुछ जुआरी फरार हो गए । वहीं पचरी निवासी करण कुमार आदिले, कमल कुमार दिवाकर को पुलिस ने पकड़ लिया । उनके कब्जे से सात हजार रूपये नकद और चार बाइक जब्त किया । आरोपितों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# धनतेरस-दिवाली के पहले ही पुष्य नक्षत्र में बाजार रहेगा गुलजार



**जांजगीर चांपा।** दीपोत्सव और धनतेरस के पहले खरीदारी के लिए दो दिन का पुष्य नक्षत्र आ गया। इससे बाजार में रौनक छा गई और त्योहारी माहौल बन गया, लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दो दिन पुष्य नक्षत्र का प्रभाव 4 और 5 नवंबर को रहेगा। इसमें शनि व रवि पुष्य के साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक भारतीय ज्योतिष शास्त्र में 27 नक्षत्र का विशेष महत्व है। 27 नक्षत्र में पुष्य नक्षत्र इसलिए विशेष कहा गया है क्योंकि इस नक्षत्र का राजा बताया गया है।

मान्यता है कि यह नक्षत्र सभी मांगलिक कार्यों जैसे - नया वाहन खरीदी, स्वर्ण खरीदी, मूर्ति खरीदी, किताबों की खरीदारी, भवन, संपत्ति आदि शुभ माने जाते हैं। 4 व 5 नवंबर को नक्षत्र संरक्षण का लाभ मिलेगा। भारतीय ज्योतिष शास्त्र में योगों का बड़ा महत्व है। यदि कोई पर्व काल या विशेष माह या विशेष त्यौहार के पूर्व नक्षत्र के साथ दिनों का शुभ संयोग बनता है, तब विशेष प्रकार का योग निर्मित होता है। रविवार के दिन भी पुष्य नक्षत्र का प्रभाव होने से यह सर्वाथ सिद्धि योग कहलाएगा। सर्वाथ सिद्धि योग में सभी कार्य सिद्ध होते हैं। खरीदारी से लेकर पॉलिसी बैंकिंग आदि के लिए इसको शुभ माना जाता है।

**नक्षत्र का अधिपति शनि और उपवास स्वामी बृहस्पति**

पुष्य नक्षत्र को श्रेष्ठ मुहूर्त माना जाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि इस नक्षत्र का अधिपति शनि और उपवास स्वामी बृहस्पति है, जो कार्य की प्रगति व लाभ के लिए अनुकूल माने जाते हैं। साथ ही नए व्यापार की शुरुआत, नई दुकान या नया प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए भी यह समय उपयुक्त माना जाता है। निवेश के मान से भी इस समय को सकारात्मक बताया गया है। सोच समझकर निवेश तथा कार्य की प्रगति के संबंध में विचार कर आगे बढ़ने से लाभ मिलेगा।

**आज और कल रहेगा पुष्य नक्षत्र का प्रभाव**

खरीदारी का शुभ मुहूर्त पुष्य नक्षत्र का समय तकरीबन 2 दिन का रहेगा। आज प्रात 8 बजे से लगने वाला पुष्य नक्षत्र रविवार के दिन दोपहर 11 बजे तक रहेगा। क्योंकि उदय काल से अस्त काल तक की मान्यता भारतीय परंपरा में होती है। शनिवार और रविवार दोनों ही दिन पुष्य नक्षत्र की साक्षी रहेगी।



## 20 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** ग्राम रायपुरा में 20 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बाराद्वार टीआई गगन बाजपेयी ने बताया कि ग्राम रायपुरा भाठापारा बंधवा पार तालाब के किनारे फलेश कुर्रे नाम का व्यक्ति बिक्री के लिए अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखा हुआ था।

## गोठान में पैरा, पानी की व्यवस्था नहीं, मवेशियों की हो रही मौत

**खैरताल ।** ग्राम पंचायत खैरताल के गोठान में मवेशी तो हैं, लेकिन उनके लिए पर्याप्त चारा, पानी की व्यवस्था नहीं होने से मवेशियों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। दूसरी ओर सचिव का दावा है कि सभी व्यवस्था गोठान में की है। सरपंच का कहना है कि रात में गोठान में मवेशियों को रखने का प्रावधान नहीं है व गोठान में मवेशियों को रखने के लिए ग्रामीणों का सहयोग भी नहीं मिल रहा है।

# कीमत कम होने के साथ उज्ज्वला योजना के सिलेंडरों की रिफलिंग तेज

**जांजगीर चांपा।** उज्जवला योजना के तहत गैस रिफलिंग कराने में हितग्राहियों के खाते में 367.40 पैसे वापस लौट रहे हैं। यही वजह है कि सालों से जिन गैस कार्डो में रिफलिंग की संख्या शून्य थी उसमें भी फिर से रिफलिंग होने लगी है। गौरतलब है कि वर्तमान में गैस सिलेंडर की कीमत 992 रुपए पड़ रही है। वहीं 67.40 पैसे सब्सिडी खाते में आ रही है मगर उज्जवला योजना के हितग्राहियों को यह सिलेंडर अब 633 रुपए ही पड़ रहे हैं। क्योंकि 992 रुपए में रिफलिंग कराने के बाद सब्सिडी 633 रुपए मिल रही है। शहर के विजय गैस एजेंसी के मुताबिक, उज्जवला योजना के तहत रिफलिंग कराने की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। गौरतलब है कि दोनों जिला मिलाकर करीब 2 लाख से ज्यादा योजना कनेक्शन बांटे गए हैं। इसमें हालात यह थे कि 25 फीसदी भी रिफलिंग कराने हितग्राही सामने नहीं आ रहे थे। हालांकि अभी भी अधिकांश उज्जवला के हितग्राही रिफलिंग कराने से दूर है क्योंकि एकमुश्त 1000 रुपए देने पड़ रहे हैं। सब्सिडी बाद में खाते में आती है। ऐसे में अभी भी हितग्राहियों को यह महंगा ही लग रहा है।



त्यौहारी सीजन में कर्मिशियल सिलेंडर उपयोग करने वालों को झटका लगा है। दिवाली से ठीक पहले तेल कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। 1 नवंबर 2023 से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी गैस सिलेंडर 100 रुपए महंगा हो गया है। कमर्शियल गैस सिलेंडर में लगातार दूसरे महीने इजाफा कर दिया है। इस माह रिफलिंग कराने पर 2068 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं जबकि पिछले माह तक 1968 रुपए में कर्मिशियल सिलेंडर मिल रहा था। राहत की बात यह है कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में लगातार तीसरे महीने में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस माह भी 992 रुपए में ही गैस घरेलु गैस सिलेंडर मिल रहा है। पेट्रोलियम कंपनियों के द्वारा हर माह की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतें तय की जाती है। इसमें कभी कीमतों में बढ़ोतरी होती है तो कभी कटौती। ऐसे में हितग्राहियों की नजरें भी हर माह की पहली तारीख पर टिकी रहती है कि इस माह उन्हें राहत मिलेगी और महंगाई का झटका लगेगा।

# समस्यामूलक बन गया शहर का रेलवे फाटक, हर दिन जाम से परेशानी

**जांजगीर - चांपा ।** बलौदा - पंतोरा मार्ग से होकर जिला मुख्यालय आने वाले वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नैला फाटक के बंद रहने के चलते हर दिन यहां जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। फाटक में जाम की समस्या आम हो गई है। लोगों को कई बार फाटक खुलने के लिए घंटे भर तक इंतजार करना पड़ता है। नैला फाटक में वायशेप ओवरब्रिज का निर्माण होना है। इसके लिए रेलवे और सेतु विभाग के अधिकारी पिछले पांच साल में पांच बार सर्वे कर चुके हैं मगर इसमें ज्यादातर निजी जमीन और मकान आ रहे हैं। इसके चलते आरओबी निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। ऐसे में आने वाले कई सालों तक लोगों को इस समस्या से निजात मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

जिला मुख्यालय होने के चलते रोजाना बड़ी संख्या में बलौदा, पंतोरा, खिसोरा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आना-जाना जांजगीर लगा रहता है। पूरे दिन भर छोटे सहित बड़े वाहनों की आवाजाही के चलते दबाव बना रहता है। लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव के मद्देनजर लोगों द्वारा नैला समपार पर लंबे समय से ओवहरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही है, ताकि यहां पर लगने वाले जाम से राहगीरों को मुक्ति मिल सके। नैला रेलवे फाटक में पूरे दिन भर ट्रेनों के गुजरने के चलते अधिकांश समय फाटक बंद होने पर मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतार लग जाती है। कभी - कभी तो लगातार ट्रेन गुजरने पर आधे से एक घंटे तक के लिए फाटक बंद होने पर वाहनों का रेला लग जाता है। फाटक बंद होने के चलते इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को गंतव्य स्थान तक पहुंचने में आधा से एक घंटे का अतिरिक्त समय लग जाता है। नैला समपार में ओवर ब्रिज बनने से जांजगीर - नैला से बलौदा तथा पंतोरा-कोरबा मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को समपार पर लगने वालेजाम से छुटकारा मिलेगा और फाटक बंद होने पर उन्हें घंटो खड़े होकर फाटक खुलने का इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा।

पांच वर्ष पूर्व भाजपा की सरकार ने समपार के पास ओवरब्रिज निर्माण को लेकर पहल शुरू की थी और सेतु निगम को सर्वे कर रिपोर्ट बनाकर भेजने के लिए कहा था। शासन से निर्देश मिलने पर सेतु विभाग ने सर्वे किया और रिपोर्ट तैयार कर स्वीकृति के लिए भेज दिया था। सर्वे में ज्यादातर निजी मकान और जमीन आरओबी के दायरे में आ रहे हैं। जिसके कारण सेतु और रेलवे के अधिकारियों ने चार से पांच बार सर्वे किया मगर समस्या जस की तस बनी हुई है। हालांकि दो साल पहले वार्षिक निरीक्षण में पहुंचे रेलवे के जीएम ने नैला फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की जानकारी दी थी। मगर अभी तक नैला फाटक में आरओबी निर्माण के लिए कोई पहल नहीं हो सकी है।



**तीन से चार गाड़ी गुजरने के बाद खुलता है फाटक**

मुंबई - हावड़ा मुख्य रेलमार्ग होने के चलते यहां पूरे दिन ट्रेनों का दबाव बना रहता है। भीषण गर्मी के अलावा बारिश में भी लोगों को फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। गर्मी में बढ़ते तापमान से लोगों का हाल बेहाल रहता है। वहीं दूसरी ओर अधिकांश समय फाटक बंद रहने के चलते राहगीरों को चिलचिलाती धूप में खड़े होकर फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। जबकि बारिश के दिनों में भी उन्हें फाटक के पास खड़े होकर खुलने का इंतजार करना पड़ता है। कई बार तो तीन से चार गाड़ियां गुजरने के बाद ही फाटक खुलता है। तब तक लोगों को इंतजार करना पड़ता है।

## कहां थे पांच साल, ग्रामीण पूछ रहे महंत से



**सक्ती।** सक्ती जिले में विधानसभा अध्यक्ष व कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. चरणदास महंत का कई गांवों में विरोध देखने को मिल रहा है। इससे संबंधित कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। गांवों के ग्रामीणों का सिर्फ एक ही सवाल था कि पांच साल पहले हमसे वोट मांगने आए थे, आज फिर चुनाव के लिए वोट मांगने आए हो। पांच साल तक हमारे विधायक कहा थे?

**अनमोल वचन**

तुम्हारी खूबियां ही तुम्हारा मार्गदर्शन करती है।

# राहुल अभी 12, तुगलक लेन में नहीं लौटे हैं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगता है कि अब अपने पुराने सरकारी आवास में नहीं लौटेंगे। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल हुए दो महीने से ज्यादा हो गए हैं। उसके बाद लोकसभा की हाउस कमेटी ने उनको फिर से 12, तुगलक लेन का मकान आवंटित कर दिया लेकिन राहुल उसमें रहने नहीं गए हैं। उन्होंने अपना कार्यालय भी वहां चालू नहीं किया है। वे अब भी अपनी मां सोनिया गांधी को आवंटित आवास 10, जनपथ से ही काम कर रहे हैं। वहीं पर उन्होंने अपना कार्यालय बनाया था। जब उनकी सदस्यता खत्म की गई थी तब खबर आई थी कि वे पूर्वी निजामुद्दीन में संदीप दीक्षित के मकान में अपना कार्यालय बना सकते हैं लेकिन उस बारे में भी खबर नहीं है। ध्यान रहे राहुल गांधी को 12, तुगलक लेन का मकान 2004 में आवंटित हुआ था, जब वे पहली बार चुनाव जीत कर सांसद बने थे। उस समय उनको एसपीजी की सुरक्षा मिली हुई थी इसलिए बड़ा बंगला आवंटित हुआ। उसके बाद करीब 19 साल तक वे उसी बंगले में रहे।

राहुल के कुछ करीबी लोगों के हवाले से कहा जा रहा है कि बंगला उनके लिए बहुत लकी नहीं रहा। हालांकि उस बंगले में जाने के बाद ही 2009 में कांग्रेस को ज्यादा बड़ी जीत मिली थी। बहरहाल, वास्तु दोष की जो भी बात हो उससे ज्यादा मैसेजिंग का मामला है। राहुल बार बार अपनी सभाओं में कह रहे हैं कि उनकी सांसदी छीन ली गई थी और घर भी छीन लिया गया था। इसलिए ऐसा लग रहा है कि अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले वे उस बंगले में नहीं लौटेंगे। चुनाव के बाद ही वे फैसला करेंगे कि उस बंगले में लौटना है या दूसरा मकान लेना है।

## राशिफल

मेष राशि : आपके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप लक्ष्य को पाने के लिए एक्टिव रहेंगे ताकि कोई भी मौका चूक न जाए। जो लोग व्यापार करते हैं या जो नौकरी करते हैं, उनके करियर में उत्तम परिणाम मिलने के योग हैं। आज आपको जो भी काम मिलेगा, उसे आप अच्छी तरह तय समय पर पूरा कर दिखाएंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं से निपटने का रास्ता ढूंढ लेंगे और अपनी सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। आपके कारोबार में बढ़ोतरी के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा। आपके प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी।

मिथुन राशि:आज आपका दिन उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा। साथ ही आपके निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। आपको नौकरी में पदोन्नति के साथ ट्रांसफर होने की संभावना है। जो नौकरी ढूंढ रहे हैं उन्हें अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। व्यापार में लाभ के संकेत हैं, आमदनी बढ़ेगी जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

कर्क राशि:आज आपको अपने मनचाहे काम में सफलता मिल सकती है। नौकरी में आज संभव है, आपको किसी अच्छी जगह ट्रांसफर मिल जाए जहां जाने की आप लंबे समय से उम्मीद कर रहे थे। व्यवसाय कर रहे लोगों को कुछ अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

सिंह राशि:आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा। आज किसी धार्मिक समारोह में हिस्सा लेंगे और ज्यादा लोगों से आपके संपर्क जुड़ेंगे, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकता है और आपके व्यवसाय के लिए भी फायदेमंद रहेगा जिससे आपकी स्थिति में सुधार होगा। नौकरी में किसी प्रोजेक्ट के लिए यात्रा हो सकती है।

कन्या राशि:आज आपको किसी तरह के कानूनी मामलों में दोस्तों की मदद मिलेगी और आपकी समस्याओं का समाधान होगा। आपके प्रयासों की सराहना की जाएगी, जो आपको किसी तोहफे की तरह महसूस करा सकता है। नौकरी में आपकी कार्यक्षमता के लिए अधिकारियों से पुरस्कार भी मिल सकता है। आपका उत्साह बढ़ेगा और दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी।

तुला राशि:आज आपका मन शांत रहेगा और मन में नए-नए विचारों का समावेश होगा। यदि आंखों या गले की कोई समस्या लग रही है तो भ्रामरी प्राणायाम करें और नित्य ठंडे पानी से आंखों को धोने की आदत डालें, लाभ मिलेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज का दिन शुभ समाचार लेकर आ सकता है। यदि आप नौकरी करते हैं तो टीम के सदस्यों से किसी प्रकार की समस्या की संभावना है परन्तु धैर्य से काम लेने पर मुश्किलें सुलझ जाएगी।

वृश्चिक राशि:आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी में खुद को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत पड़ेगी। इस तरह आप अपनी स्थिति मजबूत कर पायेंगे और आपके प्रमोशन की बात पक्की हो सकती है। बिजनेस के क्षेत्र में उतार चढ़ाव आ सकते हैं परन्तु विदेशी संपर्कों से लाभ मिलेगा और व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी।

धनु राशि:आज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे आपको खुशी मिलेगी और आप कहीं की यात्रा का प्लान बनाएंगे। नौकरी में बदलाव के लिए सोच सकते है यह आपके लिए अच्छा रहेगा सैलरी में बढ़ोतरी होगी।

मकर राशि:आज का दिन आपके करियर में बदलाव लेकर आ सकता है। आप नौकरी बदलने के बारे में सोच सकते हैं। नौकरी के लिए प्रयास करेंगे और सफल होंगे। व्यापार से जुड़े लोगों को बिजनेस बढ़ाने के मौके मिल सकते हैं।

कुंभ राशि:आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नौकरी में अपनी मेहनत से धन कमाने में कामयाब रहेंगे। व्यापार में लाभ की संभावना है आमदनी बढ़ सकती है आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। लवमेट्स के लिए दिन अच्छा है आपसी सूझबूझ से रिश्ते को आगे बढ़ाने प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा।

मीन राशि:आज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको आपकी मेहनत से नौकरी में अच्छे नतीजे प्राप्त होंगे आपकी सराहना होगी और पदोन्नति का मौका मिल सकता है। आपके निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। बिजनेस में तरक्की होगी, आपको समाज के वरिष्ठ अनुभवी लोगों से आज सहयोग मिल सकता हैजो आपके करियर के लिए लाभकारी होगा।

# ममता बनर्जी की 25 दिनों की वो भूख हड़ताल आजतक बंगाल की आर्थिक सेहत पर भारी पड़ रही है

//नीरज कुमार दुबे //

**पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए खुद को उद्योग हितैषी दर्शाने के लिए काफी प्रयास कर रही है। ममता बनर्जी सरकार का दावा है कि राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल है इसलिए किसी को भी मौका चूकना नहीं चाहिए। इसके लिए ममता बनर्जी की सरकार इसी नवंबर माह में 21 और 22 तारीख को कोलकाता में ग्लोबल बिजनेस समिट भी आयोजित कर रही है। इस बिजनेस समिट में देश-विदेश के निवेशक आ सकें इसके लिए खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोर्चा संभाला हुआ है।**

हाल ही में ममता बनर्जी स्पेन और दुबई की 10 दिवसीय यात्रा पर भी गयी थीं ताकि निवेशकों को बंगाल में आमंत्रित किया जा सके। लेकिन इसी बीच तृणमूल कांग्रेस का उद्योग विरोधी चेहरा तब फिर सामने आ गया जब एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम को निर्देश दिया कि वह घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स को सिंगूर संयंत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसे 766 करोड़ रुपये का मुआवजा दे। देखा जाये तो आज भले ममता बनर्जी कह रही हों कि उनकी सरकार ने राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल बनाया है और तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल औद्योगिक विकास के मामले में आगे बढ़ा है लेकिन सच्चाई यह है कि 2006 में ममता बनर्जी ने अपनी छवि औद्योगिक विकास की विरोधी नेता की बना ली थी क्योंकि उन्होंने सिंगूर और नंदीग्राम में उद्योगों के लिए किये जा रहे भूमि अधिग्रहण का विरोध किया था। इसके नतीजतन टाटा नैनो को सिंगूर में अपनी कार परियोजना वापस लेनी पड़ी थी। उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी ने उद्योगों को आकर्षित करने के लिए टाटा नैनो प्रोजेक्ट को गुजरात के साणंद में लगाने में मदद की और जल्द ही मोदी की छवि उद्योग जगत के बीच विकासशील नेता की बन गयी थी। हालात ऐसे हो गये थे कि बंगाल से निवेशक दूर होते जा रहे थे वहीं गुजरात में देश ही नहीं विदेशी निवेशक भी रुचि दिखा रहे थे।देखा जाये तो टाटा नैनो के निर्माण प्लांट को पश्चिम बंगाल से बाहर भेजने के लिये दबाव डालना बड़ी भूल थी और इसने अन्य उद्योगपतियों के लिये बाधाएं पैदा करने का काम किया था। उस समय 1000 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी टाटा मोटर्स के प्रोजेक्ट के उखड़ते दृश्य टीवी पर इतने बार दिखाये गये थे कि हर उद्योगपति ने यह बात अपने पल्ले बांध ली थी कि बंगाल में निवेश से दूर रहना है। इसलिए अब जब राज्य सरकार ग्लोबल बिजनेस समिट आयोजित करने जा रही है तब सिंगूर का भूत एक बार फिर सामने आकर खड़ा हो गया है जिसे देखकर सबके हाथ-पांव फूल रहे हैं।ममता बनर्जी सरकार की मुश्किल यह है कि वह अब यदि जोरदार तरीके से सिंगूर आंदोलन में अपनी भूमिका का बचाव करे तो निवेशक फिर भागेंगे। राज्य सरकार यदि इस मामले पर चुप्पी साधे रहेगी तब भी उद्योगपतियों के मन से संशय के बादल नहीं छंटेंगे। वैसे भी सिंगूर आंदोलन से तृणमूल कांग्रेस पल्ला इसलिए नहीं झाड़ सकती क्योंकि इसी की बदौलत वह वामपंथियों के दशकों पुराने शासन को उखाड़ कर सत्ता हासिल कर पाई थी। लेकिन उस आंदोलन की वजह से केवल औद्योगीकरण को ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल की प्रतिष्ठा को भी गंभीर नुकसान पहुंचा था। यह एक सच्चाई है कि एक समय पश्चिम बंगाल देश के बड़े औद्योगिक राज्यों में शुमार था लेकिन आज वह निवेश के लिए तरस रहा है। जहां तक टाटा मोटर्स के पक्ष में आये फैसले की बात है तो आपको बता दें कि टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा है कि तीन-सदस्यीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया है। इसके मुताबिक, कंपनी प्रतिवादी पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड से 765.78 करोड़ रुपये की राशि 11 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ वसूलने की हकदार है। ब्याज की गणना एक सितंबर, 2016 से मुआवजा चुकाने की तारीख तक होगी। टाटा मोटर्स ने सिंगूर संयंत्र बंद होने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड से मुआवजा मांगा था। इसमें पूंजी निवेश पर हुए नुकसान समेत अन्य मदों में दावा किया गया था।देखा जाये तो यह फैसला राज्य सरकार के लिए बड़ा झटका है लेकिन ग्लोबल बिजनेस समिट की तैयारियों में जुटी पश्चिम बंगाल सरकार ने इस पर चुप्पी साध ली है और सत्तारुढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। तृणमूल कांग्रेस ने टाटा मोटर्स की जीत को तवज्जो नहीं देते हुए कहा है कि यह ''अंतिम फैसला नहीं है'' तथा राज्य सरकार के सामने कानूनी रास्ते खुले हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस चाहे कुछ भी कहे लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि ममता सरकार को यदि सरकारी खजाने से टाटा को 766 करोड़ रुपए देने पड़े तो बड़ी मुश्किल हो जायेगी क्योंकि पहले ही गलत आर्थिक नीतियों के चलते राज्य का खजाना खाली बताया जा रहा है। दरअसल राज्य सरकार ने अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग करके कभी राजस्व बढ़ाने की दिशा में सही प्रयास ही नहीं किये। यह अलग बात है कि राज्य के मंत्रियों और विधायकों के यहां अक्सर पड़ने वाले छापों के दौरान जो करोड़ों रुपए मिलते हैं वह दर्शाते हैं कि राज्य में पैसे की कोई कमी नहीं है। आज के बंगाल की यह कड़वी सच्चाई है कि भ्रष्टाचार चरम पर है, तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है और लोक लुभावन नीतियों की वजह से हो रही धन की बर्बादी के चलते राज्य पर कर्ज का भारी बोझ है। ऐसे में टाटा को 766 करोड़ रुपए का मुआवजा देने का निर्देश कैसे पूरा होगा यह सवाल सबके जेहन में आना स्वाभाविक है। बहरहाल, सिंगूर के आंदोलन ने राज्य से निवेशकों को तो दूर किया ही था साथ ही टाटा मोटर्स का प्रोजेक्ट काफी हद तक लग जाने के चलते कृषि भूमि भी उपजाऊ नहीं रह गयी थी। यही नहीं, तृणमूल कांग्रेस ने सिंगूर के लोगों से विकास और रोजगार के जो वादे किये थे, बताया जाता है कि वह अब तक पूरे नहीं हुए हैं। कुल मिलाकर देखें तो बंगाल के हाथ से एक बड़ा प्रोजेक्ट गया था, कृषि भूमि बर्बाद हो गयी थी, किसानों को जमीन तो वापस मिल गयी लेकिन सुनहरा भविष्य नहीं मिला। अब 766 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ राज्य के खजाने पर पड़ गया है। कहा जा सकता है कि 2006 में ममता बनर्जी ने कोलकाता में एस्पलेनैड में 25 दिनों तक जो अनिश्चिकालीन भूख हड़ताल की थी उसका विपरीत असर राज्य की आर्थिक सेहत पर लगातार देखने को मिल रहा है।

# दुर्घटनाओं के आंकड़े सड़क सुरक्षा नियमों की विफलता को दर्शा रहे हैं

//ललित गर्ग//

**सड़क हादसों पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की डरावनी, चिन्ताजनक एवं भयावह रिपोर्ट आई है। इसके मुताबिक, पिछले साल 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। हर घंटे इनमें 19 लोगों की मौत हुई। हादसों एवं लापरवाही की खूनी होती सड़कें चिन्ता का बड़ा सबब हैं। सड़कों की 'दुर्घटनाओं' के कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। सच यह है कि बेलगाम वाहनों एवं यातायात कानूनों एवं नियमों की अवहेलना की वजह से सड़कें अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुकी हैं। सड़क पर तेज गति से चलते वाहन एक तरह से हत्या के हथियार होते जा रहे हैं। उक्त रपट यह भी बताती है कि सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। इसी तरह सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक्सप्रेसवे हाईवे और राजमार्गों पर ओवर स्पीडिंग जानलेवा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देने का ही काम करती है लेकिन न तो वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझने को तैयार हैं और न ही सरकारें एवं यातायात पुलिस। बीते वर्ष सड़क हादसों में 66 हजार से अधिक लोगों ने इसलिए जान गंवाई क्योंकि उन्होंने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी या फिर हेलमेट नहीं लगाया था।**



यह विडम्बनापूर्ण है कि हर रोज ऐसी दुर्घटनाओं और उनके भयावह नतीजों की खबरें आम होने के बावजूद बाकी वाहनों के मालिक या चालक कोई सबक नहीं लेते। सड़क पर दौड़ती गाड़ी मामूली गलती से भी न केवल दूसरों की जान ले सकती है, बल्कि खुद चालक और उसमें बैठे लोगों की जिंदगी भी खत्म हो सकती है। पर लगता है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं शौक का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है। बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है, जो एक उम्मीद जगाता है एवं रोशनी बन रहा है।दुनिया में सर्वाधिक तेजी से उन्नत सड़कों का जाल बिछाने में भारत अग्रणी है। लेकिन सुविधाजनक एवं उन्नत होती सड़कों पर मौत की काली छाया का मंडराना सड़क विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह दाग सरकारी रिपोर्ट में ही सामने आया है, जिसके अनुसार देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही। सड़क दुर्घटनाओं का लगातार बढ़ना अनेक सवाल खड़े करता है। तभी सुप्रीम कोर्ट भी तल्ख टिप्पणी कर चुका है कि ड्राइविंग लाइसेंस किसी को मार डालने के लिए नहीं दिए जाते। हादसों से संबंधित कानूनी प्रावधान अभी इस कदर कमजोर हैं कि किसी की लापरवाही की वजह से दो-चार या ज्यादा लोगों की जान चली जाती है और आरोपी को कई बार थाने से ही छोड़ दिया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं ने कहर बरपा रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2009 में सड़क सुरक्षा पर अपनी पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं की दुनिया भर में 'सबसे बड़े कातिल' के रूप में पहचान की थी। भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 78.7 प्रतिशत हादसे चालकों की लापरवाही के कारण होते हैं। वैसे एक प्रमुख वजह शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना है। विडंबना यह है कि जहां हमें पश्चिमी देशों से कुछ सीखना चाहिए वहां हम आंखें मूंद लेते हैं और पश्चिम की जिन चीजों की हमें जरूरत नहीं है उन्हें सिर्फ इसलिए अपना रहे हैं कि हम भी आधुनिक कहला सकें। एक आकलन के मुताबिक आपराधिक घटनाओं की तुलना में पांच गुना अधिक लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है।

कहीं बदहाल सड़कों के कारण तो कहीं अधिक सुविधापूर्ण अत्याधुनिक चिकनी सड़कों पर तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहनों के कारण ये हादसे होते हैं। दुनिया भर में सड़क हादसों में बारह लाख लोगों की प्रतिवर्ष मौत हो जाती है, जिनमें भारत में सर्वाधिक मौते होती है। ट्रैफिक व्यवस्था कुछ अंशों में महानगरों को छोड़कर कहीं पर भी पर्याप्त व प्रभावी नहीं है। पुलिस व्यक्ति की सुरक्षा में तैनात रहती है जनता की सुरक्षा में नहीं। हजारों वाहन प्रतिमास सड़कों पर नए आ रहे हैं, भीड़ बढ़ रही है, रोज किसी न किसी को निगलने वाली रेड लाइनें बढ़ रही हैं। दुर्घटना में मरने वालों की तो गिनती हो जाती है पर वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएँ से प्रतिदिन मौत की ओर बढ़ने वालों की गिनती असंख्य है। वाहनों में सुधार हो रहा है पर सड़कों और चालकों में कोई सुधार नहीं। सन् 2023 तक वाहनों का उत्पादन और मांग जिस अनुपात में बढ़ेगी, सड़कें उस अनुपात में नहीं। अतः यातायात-अनुशासन बहुत जरूरी है।

नया भारत निर्मित करने, औद्योगिक विकास और पूंजी निवेश के लिए सरकार सभी प्रकार के गति-अवरोधक हटा रही है। लगता है सड़कों पर भी गति अवरोध हटा रही है। कोई चाहिए जो नियमों की सख्ती से पालना करवा के निर्दोषों को मौत के मुंह से बचा सके। 1988 में बने मोटर वाहन अधिनियम का व्यावहारिकता से परे होना भी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। पिछले तीन दशकों में सड़क परिवहन में आए बदलाव के अनुरूप मोटर अधिनियम में व्यापक बदलाव की दरकार है। अगर सरकार नए वाहनों को लाइसेंस देना बंद नहीं कर सकती तो कम से कम राजमार्गों पर हर चालीस-पचास किलोमीटर की दूरी पर एक ट्रॉमा सेंटर तो खोल ही सकती है ताकि इन हादसों के शिकार लोगों को समय पर प्राथमिक उपचार मिल सके। तेजी से बढ़ता हादसों एवं लापरवाही का हिंसक एवं डरावना दौर किसी एक प्रान्त या व्यक्ति का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी किया है। इंसानों के जीवन पर मंडरा रहे मौत के तरह-तरह की डरावने हादसों एवं दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए।

## तस्वीरों की दुनिया



उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में मोदी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (राजस्थान) के छात्रों के साथ बातचीत करते हुए।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में भारत मंडपम में मेगा फूड इवेंट वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया।



वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने भोपाल में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।




भाजपा के सदस्यों ने कोलकाता में राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



चेन्नई में आगामी फिल्म द मार्वल्स के प्रचार कार्यक्रम में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु।



दिल्ली के मंत्री गोपाल राय नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।



मालवीय नगर से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सराफ जयपुर में आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे।

# भूपेश बघेल ने महादेव एप के प्रमोटरों से लिए 508 करोड़, ईडी ने किया बड़ा दावा

**रायपुर, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के ठीक पहले ईडी ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सट्टेबाजी कराने वाले महादेव एप के प्रमोटरों से 508 करोड़ रुपये लिए हैं। ईडी के अनुसार गुरुवार को चुनाव के लिए कैश डिलीवर करने वाले असीम दास के मोबाइल और ईमेल से मिले इलेक्ट्रानिक दस्तावेज से भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये दिए जाने के प्रारंभिक सुबूत मिले हैं और इसकी जांच की जा रही है।असीम की कार और घर से ईडी 5.39 करोड़ रुपये बरामद कर चुकी है और महादेव एप के बेनामी बैंक खातों में जमा 15.59 करोड़ रुपये को फ्रीज कर चुकी है।

छत्तीसगढ़ में सात और 17 नवंबर को दो चरणों में विधानसभा का चुनाव होना है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चुनाव में इस्तेमाल के लिए बड़ी मात्रा में कैश छत्तीसगढ़ पहुंचने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई की गई। इसी आधार पर 5.39 करोड़ रुपये जब्त किए गए और असीम दास को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ के दौरान असीम दास ने स्वीकार किया कि इस कैश का इंतजाम एक राजनीतिज्ञ बघेल के लिए महादेव एप के प्रमोटरों ने किया था और इसका इस्तेमाल विधानसभा चुनाव में किया जाना था। असीम दास के मोबाइल की जांच से अन्य दस्तावेज के साथ-साथ शुभम सोनी द्वारा भेजा गया एक ई-मेल भी मिला। ध्यान देने की बात है कि शुभम सोनी महादेव एप घोटाले का प्रमुख आरोपित है। दास के मोबाइल फोन से मिले सोनी के ईमेल और अन्य दस्तावेज से पता चला कि महादेव एप के प्रमोटरों की ओर से लंबे समय से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और नेताओं को पैसे दिए जा रहे थे।इसी के आधार पर ईडी ने भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये मिलने का दावा किया है। ईडी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसकी आगे की जांच की जा रही है। ईडी ने असीम दास के साथ ही छत्तीसगढ़ के पुलिस कांस्टेबल भीम यादव को भी गिरफ्तार किया है। ईडी के अनुसार, भीम यादव विभाग को जानकारी दिए बगैर पिछले तीन वर्षों में कई बार दुबई गया था।पूछताछ में भीम यादव ने बताया कि वह महादेव एप के प्रमोटरों रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर से मिला था। यही नहीं, दुबई में हुए महादेव एप के भव्य आयोजनों में शामिल भी हुआ था। यादव के दुबई आने-जाने का खर्च रैपिड ट्रैवल्स वाले आहूजा भाइयों ने उठाया था, जिन पर महादेव एप के लिए मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। यादव छत्तीसगढ़ के बड़े नेताओं और अधिकारियों के लिए महादेव एप की ओर दी गई रिश्वत की रकम लेने और पहुंचाने का काम करता था। ईडी ने दोनों को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया। अदालत से सात दिन की हिरासत में लेकर ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। भूपेश बघेलछत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महादेव एप से 508 करोड़ रुपये मिलने के ईडी के दावे को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ईडी-आईटी और सीबीआइ जैसी एजेंसियों के सहारे छत्तीसगढ़ का चुनाव लड़ना चाहती है। चुनाव के ठीक पहले ईडी ने उनकी छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया है।यह ईडी के माध्यम से कांग्रेस की लोकप्रिय सरकार को बदनाम करने का राजनीतिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि महादेव एप की कथित जांच के नाम पर ईडी ने पहले उनके करीबी लोगों को बदनाम करने के लिए छापे डाले और अब एक अनजान व्यक्ति के बयान को आधार बनाकर 508 करोड़ रुपये लेने का आरोप लगा दिया है।

ईडी ने चालाकी दिखाते हुए उक्त व्यक्ति के बयान के बाद एक छोटे से वाक्य में लिख दिया है कि बयान जांच का विषय है। जयरामकांग्रेस ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में निश्चित हार की आशंका को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसके नेताओं की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए अपने आखिरी बचे हथियार-ईडी का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी की धमकियां उन मतदाताओं के संकल्प को मजबूत करेंगी, जो जानते हैं कि यह सिर्फ चुनावी नाटक है और भाजपा की हताशा को दर्शाता है। रमन ने कहा, अब समझ में आया ईडी से क्यों डरते हैं भूपेशपूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि राजा जब चोर हो जाता है तो जुए-सट्टे वालों से भी 508 करोड़ का कमीशन खाने लगता है। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की तिजोरी में डाका तो डाला ही था। अब यह भी स्थापित हो गया है कि प्रदेश के युवाओं को जुए-सट्टे की लत लगाने वालों से भी हिस्सा बटोरा है। सबको समझ में आ रहा है कि ईडी से बघेल इतना क्यों डरते थे क्योंकि वह अपराधियों के संरक्षक ही नहीं, खुद भी जुर्म में शामिल हैं।

# देहरादून-लखनऊ के बीच जल्द चलेगी वंदे भारत सीएम धामी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात



**देहरादून, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की राजधानी को बेहतर ट्रेन सेवा से जोडने के मद्देनजर देहरादून-लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन पर जोर दिया है। उन्होंने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात में इसका आग्रह भी किया। इसके अलावा टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन के निर्माण की स्वीकृति देने के साथ ही रेल सेवाओं के विस्तार का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से भेंट के दौरान प्रदेश में सुदृढ़ रेल कनेक्टिविटी को लेकर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने अहमदाबाद से काठगोदाम, हरिद्वार व देहरादून को जोडने के लिए सीधी रेल सेवा प्रारंभ करने, दून एक्सप्रेस में कोटद्वार के कोच व जनता एक्सप्रेस में रामनगर के कोच का फिर से परिचालन करने और टनकपुर से राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी तक नई रेल सेवा प्रारंभ करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रेल सेवाओं के विस्तार से राज्यवासियों व पर्यटकों को सुगम यातायात सुलभ होगा। साथ ही पर्यटन प्रमुख राज्य होने के कारण राज्य की आर्थिकी भी सशक्त होगी। रेल मंत्री ने सभी विषयों पर हर संभव सहयोग के लिए मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया।

# पाकिस्तान के ग्वादर जिले में हमले में 14 सैनिकों की मौत, दो वाहनों पर आतंकियों ने किया हमला

**कराची, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में सैन्य काफिले पर हुए हमले में 14 सैनिकों की मौत हो गई। सेना की जनसंपर्क शाखा इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशंस ने कहा है कि ग्वादर जिले में पासनी से ओर्मारा जा रहे सुरक्षा बलों के दो वाहनों पर आतंकियों ने शुक्रवार को घात लगाकर हमला किया। सेना हमलावरों की पहचान नहीं कर पाई है। ज्ञात हो कि अफगानिस्तान और ईरान की सीमा पर खनिज संपदा से संपन्न बलूचिस्तान में बलूच वर्षों से अपने क्षेत्र को पाकिस्तान से अलग स्वतंत्र देश की मांग के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके साथ ही यह प्रांत इस्लामिक आतंकियों का भी गढ़ बन गया है। इस्लामिक आतंकी पाकिस्तान की सरकार को उखाड़ फेंकने और कठोर इस्लामी कानून का पालन करने वाली अपनी सरकार बनाने के लिए सुरक्षा बलों को निशाना बनाते रहते हैं। सेना ने कहा है कि क्षेत्र से आतंकियों के उन्मूलन के लिए अभियान चलाया जा रहा है और हमले के जिम्मेदारों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। वहीं, पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को पुलिस गश्ती दल को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। डान समाचारपत्र ने पुलिस अधकिारी मोहम्मद अदान के हवाले से बताया कि यह घटना डेरा इस्माइल खान सिटी में हुई। अभी यह पता नहीं चल पाया कि हताहतों में पुलिसकर्मी भी हैं या नहीं। अफगानिस्तान से सटा डेरा इस्माइल खान लंबे समय से आतंकियों का गढ़ है।

## शुरुआत, चुनौतियां और फिर सफलता... एक्टर मनजोत सिंह ने शेयर किया अपना 15 साल का फिल्मी एक्सपीरियंस

**मुंबई।** कामिक किरदारों में मनजोत ने बनाई है अपनी जगह आउटसाइडर्स के लिए फिल्म इंडस्ट्री में अपने रास्ते तलाशना कभी आसान नहीं होता है। सबसे पहले तो यही समझ में नहीं आता है कि शुरुआत कहां से की जाए। ड्रीम गर्ल 2 और फुकरे फ्रेंचाइज के अभिनेता मनजोत सिंह ने इस साल फिल्म इंडस्ट्री में अपने 15 साल पूरे कर लिए हैं। इन वर्षों में अब इस फिल्म इंडस्ट्री को उन्होंने कितना समझ लिया है। इस सवाल के जवाब में दैनिक जागरण से बातचीत में मनजोत कहते हैं कि मैं इस इंडस्ट्री में किस्मत से आया हूं। हालांकि मेरे कई दोस्त हैं। जो मेरे बाद में आए। उन्होंने मुंबई में काफी वक्त भी गुजारा और चले गए। यहां रहना, अपने लिए जगह बनाना मुश्किल तो है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि अब हर कोई इंस्टाग्राम पर भी अपना काम दिखा रहा है। वहां पर कुछ न कुछ करके वह इंटरनेट मीडिया के भी स्टार बन जा रहे हैं। वहां से केवल प्रसिद्धी ही नहीं, बल्कि पैसा भी मिल रहा है। फिल्मों में काम करने के लिए फिल्म इंडस्ट्री में संपर्क बनाना बहुत जरूरी है।

# दिल्ली-हरियाणा के बाद केरल में भी पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध केरल हाई कोर्ट ने कहा- भगवान को प्रसन्न करने के लिए...




**कोच्चि, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

केरल हाई कोर्ट ने धार्मिक स्थानों पर गलत समय में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया। केरल हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल पर गलत समय में पटाखे नहीं फोड़े जाएंगे क्योंकि किसी भी पवित्र पुस्तक में ऐसा कोई आदेश नहीं है जो भगवान को प्रसन्न करने के लिए पटाखे फोड़ने का आदेश देता हो।

पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुए जस्टिस अमित रावल ने राज्य के सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों को धार्मिक स्थानों पर छापेमारी करने और अवैध रूप से संग्रहीत पटाखों को जब्त करने का निर्देश दिया। जस्टिस रावल ने अपने आदेश में कहा कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। याचिकाकर्ताओं ने केरल में स्थित सभी धार्मिक स्थलों पर पटाखे जलाने से रोकने के लिए अदालत से हस्तक्षेप की मांग की है। अदालत ने कहा कि प्रतिवादियों का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्वान वकील ने इस तथ्य से इन्कार नहीं किया है और साथ ही इस तथ्य से भी इन्कार नहीं किया है कि इस अदालत ने भी आधी रात के बाद भी पटाखों का शोर सुना था।

## डंपर ने भेड़ों को कुचला 16 की मौत, 20 से अधिक घायल

**चित्रकूट।** देवागना मार्ग में हवाईपट्टी के पास डंपर ने सड़क से गुजर रही चालीस से अधिक भेड़ों को कुचलते हुए निकल गया। जिससे 16 भेड़ों की मौत घटना स्थल पर हो गई। जबकि 20 से अधिक भेड़ गंभीर रूप से घायल हो गई। ये घटना शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे हुई। बांदा जिले के सिंहपुर गांव एक चरवाहा देवांगना मार्ग भेड़ लेकर कहीं जा रही था। इसी बीच एक डंपर आया जो भेड़ों को कुचलता हुआ निकल गया। इस घटना से 16 भेड़ों की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पुलिस पहुंचकर डंपर को पकड़ लिया। वहीं पशु विभाग के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। घायल भेड़ों का इलाज किया। कोतवाल अजीत पांडेय ने बताया कि इस मामले में भेड़ मालिक ने अभी कोई लिखित तहरीर नहीं दी है।

## राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर चर्चा करेगा संघ, भुज में पांच नवंबर को बैठक

**भुज 04 नवंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भुज में पांच से सात नवंबर तक होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह और देशभर में उससे जुड़े कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह अगले वर्ष 22 जनवरी को होगा। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकारों को बताया कि श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को मनाने के लिए देश के हर शहर और गांव में विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस महत्वपूर्ण कार्य में संघ की भागीदारी किस प्रकार होगी, इस पर इस बैठक में चर्चा होगी। इस बैठक के बाद सभी स्वयंसेवकों को जानकारी दी जाएगी और समाज से आह्वान किया जाएगा। आंबेकर ने कहा कि बैठक में संघ के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ सितंबर में पुणे में आयोजित अखिल भारतीय समन्वय बैठक में उठाए गए विषयों और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा हाल ही में विजयादशमी संबोधन में उठाए गए मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

# कमल नाथ बोले, राम मंदिर देश के हर व्यक्ति का, ओवैसी ने बाबरी मामले में कांग्रेस की भूमिका को BJP से जोड़ा था

**भोपाल, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान राम मंदिर को लेकर चल रही राजनीतिक बयानबाजी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने फिर दोहराया है कि राम मंदिर हमारे देश में हर व्यक्ति का है। यह बात कमल नाथ ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के उस बयान पर प्रतिक्रिया में कही, जिसमें उन्होंने कहा कि कमल नाथ ने साबित कर दिया है कि बाबरी मस्जिद के विध्वंस में कांग्रेस की भाजपा और आरएसएस की तरह बराबर की भूमिका थी। भाजपा राम मंदिर निर्माण के मुद्दे पर कांग्रेस को लगातार घेरने का प्रयास कर रही है।

इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ कह चुके हैं कि यह सभी देशवासियों का मंदिर है। उनके बयान को लेकर ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा, दोनों हिंदुत्व की विचारधारा पर काम करते हैं। इस पर कमल नाथ ने कहा कि कोई कुछ भी कहे, मुझे जो कहना था, कह दिया है।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री से मिलीं सीतारमण, आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा

**कोलंबो, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आपसी हित के मुद्दों और आर्थिक व वाणिज्यिक क्षेत्र में भारत-श्रीलंका की संयुक्त पहल पर चर्चा की। सीतारमण श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। विक्रम सिंघे ने मुलाकात में आर्थिक संकट के दौरान भारत द्वारा श्रीलंका को दी गई बहुआयामी सहायता को स्वीकार किया। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि सीतारमण ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जुलाई, 2023 में राष्ट्रपति विक्रम सिंघे की भारत यात्रा के दौरान अपनाया गए आर्थिक साझेदारी पर विजन दस्तावेज से समुद्री, वायु, डिजिटल, ऊर्जा और लोगों से लोगों की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने आर्थिक एवं प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते और यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान पर हाल की बातचीत में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और निवेश आधारित सहायता एवं द्विपक्षीय निवेश संधि पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने मन्नार में इंटर-ग्रिड कनेक्टिविटी, विमानन, बिजली परियोजनाओं, तेल अन्वेषण में सहयोग पर भी चर्चा की। सीतारमण ने आश्वासन दिया कि भारत ऋण पुनर्गठन संबंधी मामलों पर श्रीलंका सरकार के साथ सहयोग जारी रखेगा।

प्रधानमंत्री गुणवर्धने के साथ बैठक में सीतारमण ने भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और व्यापार व निवेश को बढ़ावा देने, पर्यटन को बढ़ाने और लोगों से लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने डिजिटल भुगतान और डिजिटल पहचान के अलावा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और डेयरी विकास में सहयोग पर भी बात की। जाफना में कंडास्वामी मंदिर में किए दर्शन सीतारमण ने शुक्रवार को जाफना स्थित नल्लूर कंडास्वामी कोविल मंदिर में पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। नल्लूर कंडास्वामी कोविल या नल्लूर मुरुगन कोविल जाफना में एक हिंदू मंदिर है। यह मंदिर श्रीलंकाई तमिलों की हिंदू पहचान के रूप में स्थित है।

# सेना का नजरिया मनमाना है, महिला अधिकारियों को कर्नल के रूप में सूचीबद्ध करने से इनकार पर बोला सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली, 04 नवंबर [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (3 नवंबर) को कहा कि महिला अधिकारियों को कर्नल के रूप में सूचीबद्ध करने से इनकार करने का सेना का रवैया मनमाना है। इसके साथ ही कोर्ट ने अधिकारियों को उनके प्रमोशन के लिए 15 दिन के अंदर विशेष चयन बोर्ड को फिर से बुलाने का निर्देश दिया।चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने महिला अधिकारियों के उचित अधिकारों को खत्म करने का रास्ता खोजने के लिए सेना के रवैये की निंदा की।

पीठ ने कहा, इस तरह का नजरिया उन महिला अधिकारियों को न्याय देने की जरूरत पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जिन्होंने उचित अधिकार प्राप्त करने के लिए लंबी और कठिन लड़ाई लड़ी है। पीठ में शामिल जस्टिस न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने कहा, कर्नल के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए महिला अधिकारियों के सीआर की गणना के लिए जिस तरह से कट-ऑफ लागू किया गया है वह मनमाना है, क्योंकि यह सेना के नीति परिपत्र और इस कोर्ट के फैसले के विपरीत है।

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि निर्धारित नीतिगत ढांचा यह स्पष्ट करता है कि नौ साल की सेवा के बाद सभी गोपनीय रिपोर्ट (सीआर) पर विचार किया जाना जरूरी है। इसमें कहा गया है कि वर्तमान मामले में महिला अधिकारियों को उनके पुरुष समकक्षों के बराबर करने के लिए मनमाने ढंग से कट-ऑफ लागू किया गया था।

## कोचिंग सेंटर में 11वीं के छात्र ने सहपाठी की चाकू मारकर की हत्या, एक दिन पहले हुआ था झगड़ा




**पानीपत।** जीटी रोड पर स्थित एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में शुक्रवार शाम को 11वीं के छात्र ने सहपाठी की सीने में चाकू घोंप हत्या कर दी। दोनों की आयु 15 वर्ष है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। हत्यारोपित माडल संस्कृति स्कूल में 11वीं कक्षा के मेडिकल संकाय का छात्र है। जबकि मृतक अंशुल इसी स्कूल में 11वीं कक्षा में नान मेडिकल संकाय का छात्र था। पिता राकेश फौज से सेवानिवृत्त हैं। आरोपित के पिता पुलिस में एएसआई हैं। अंशुल ने एक दिन पहले आरोपित छात्र को दो थप्पड़ मार दिए थे, तब आरोपित ने हत्या की धमकी दी थी। एक प्रत्यक्षदर्शी छात्र ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे वह, अंशुल और कई अन्य लड़के इंस्टीट्यूट के गेट पर खड़े थे। सभी साथ में क्लास रूम नंबर चार में चले गए। आरोपित छात्रा आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो जेब से चाकू निकाला और अंशुल के सीने पर वार कर दिया। वह घायल अंशुल को लेकर गेट के बाहर जीटी रोड पर ले आया और एक व्यक्ति की बाइक से उसे एक निजी अस्पताल में ले गया। वहां से नागरिक अस्पताल भेज दिया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## अमेरिकी कांग्रेस में दिवाली के धार्मिक महत्व को मान्यता देने के लिए प्रस्ताव पेश

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने शुक्रवार को रोशनी के त्योहार दिवाली के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को मान्यता देने वाले एक प्रस्ताव को अमेरिकी कांग्रेस में फिर से पेश किया। रोशनी का त्योहार भारतीय मूल के 30 लाख से अधिक अमेरिकियों के साथ-साथ दुनिया भर के करोड़ों लोगों द्वारा मनाया जाता है। जिनमें हिंदू, सिख और जैन शामिल हैं।

कृष्णमूर्ति ने कहा कि दिवाली दुनिया भर में और अमेरिका में मना रहे लाखों सिखों,जैनियों और हिंदुओं के लिए कृतज्ञता के साथ-साथ अंधेरे पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है। उन्होंने कहा कि दिवाली के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को स्वीकार करने वाला यह प्रस्ताव इस महत्वपूर्ण अवसर पर भारतवंशी अमेरिकियों और दुनिया भर में प्रवासी भारतीयों के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करता है।

कृष्णमूर्ति ने कहा कि दीपावली के विशाल धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को मान्यता देने के लिए इस द्विदलीय प्रस्ताव को पेश करते हुए मुझे गर्व हो रहा है।उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं अपने प्रियजनों के साथ अपने घरों में दीपक जलाने और सभी लोगों के लिए अच्छे स्वास्थ्य और शांति के लिए प्रार्थना करने के लिए इकट्ठा होने वाले सभी परिवारों को एक सुरक्षित और खुशहाल दिवाली की शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

# ताज महल का सही इतिहास प्रकाशित करने की मांग पर निर्णय ले एएसआई




**नईदिल्ली, 04 नवंबर [एजेंसी]।**

ताज महल का सही इतिहास प्रकाशित करने से जुड़ी जनहित याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को निर्णय लेने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने बताया कि इस संबंध में एएसआई को प्रतिवेदन दिया गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पर पीठ ने एएसआई को निर्देश देते हुए याचिका का निपटारा कर दिया। हिंदू सेना के नेता सुरजीत सिंह यादव ने अपनी याचिका में दावा किया कि ताज महल मूल रूप से राजा मान सिंह का महल था, जिसे बाद में मुगल सम्राट शाहजहां ने पुनर्निर्मित किया था। ताज म्यूजियम नामक पुस्तक के लेखक जेडए देसाई के अनुसार मुमताज महल को दफनाने के लिए एक ऊंची और सुंदर जगह का चयन किया गया था, जो राजा मान सिंह की हवेली थी। दफनाने के समय यह मान सिंह के पोते राजा जय सिंह के कब्जे में थी।

याचिकाकर्ता ने कहा कि इस हवेली को कभी ध्वस्त नहीं किया गया था। साथ ही यह भी दावा किया कि ताज महल की वर्तमान संरचना कुछ और नहीं बल्कि राजा मान सिंह की हवेली का संशोधित और नवीनीकृत रूप है, जो पहले से मौजूद थी। याचिका में कहा गया कि एएसआई ने ताज महल पर परस्पर विरोधी और विरोधाभासी जानकारी प्रदान की है। एएसआई ने उल्लेख किया है कि वर्ष 1631 में मुमताज महल की मृत्यु के छह महीने बाद उनके शरीर को ताज महल के मुख्य मकबरे के तहखाने में स्थापित करने के लिए आगरा में स्थानांतरित कर दिया गया था। यह ताज महल के लिए उसी वेब पेज पर दी गई जानकारी के विपरीत है, जहां एएसआई ने दावा किया है कि वर्ष 1648 में स्मारक परिसर को पूरा होने में 17 साल लगे थे। ऐसे में अगर मुमताज महल की मृत्यु के छह महीने बाद उनके शरीर को ताज महल के मुख्य मकबरे के तहखाने में दफनाया गया था और ताज महल का निर्माण पूरा होने में 17 साल लगे थे तो वर्ष 1631 में उनका शव छह महीने के भीतर कैसे आया। यह तर्क दिया गया कि इसे ताज महल के मुख्य मकबरे में स्थापित किया गया था, जबकि एएसआई ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि ताज महल 1648 में बनकर तैयार हुआ था।

## नीतीश ने भाजपा को खुश करने के लिए हटवाया तेजस्वी का पोस्टर

**मुजफ्फरपुर।** राजद के प्रदेश महासचिव जय शंकर यादव ने कहा है कि भाजपा को खुश करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लग गए हैं। उनके मन में फिर कुछ न कुछ चल रहा है। शुक्रवार को मुजफ्फरपुर में एक बयान जारी कर उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर जारी सरकारी पोस्टर में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का फोटो नहीं लगवाया गया। बिहार में आईएनडीआईए गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी के विधायक दल के नेता का फोटो नहीं लगाना भाजपा को खुश करने की बात ही लग रही है। इसके अलावा मिलर हाई स्कूल, पटना के मैदान में भाकपा की रैली में खुले मंच से नीतीश कुमार द्वारा यह कहना कि कांग्रेस पार्टी को आईएनडीआईए गठबंधन से मतलब नहीं है, यह भी भाजपा को खुश करने वाला ही बयान है।

# फेस्टिव सीजन इन मेहंदी डिजाइंस से सजाएं अपने हाथ, सुंदरता में लगेंगे चार चांद



आज हम आपको कुछ ऐसी मेहंदी डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको इस साल काफी ज्यादा पसंद किया गया है। हम आपको राउंड टिक्की मेहंदी से लेकर पीकॉक फेदर वाली डिजाइन वाली मेहंदी के बारे में बताने जा रहे हैं।

कोई भी पर्व या त्योहार मेहंदी के बिना अधूरा माना जाता है। त्योहारों पर अक्सर महिलाएं और लड़कियां अपने हाथों को मेहंदी से सजाती हैं। त्योहार में लड़कियां जिस तरह से अपने पसंद के कपड़े और ज्वेलरी लेती हैं, तो उसी तरह वह मेहंदी भी लगवाती हैं।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी मेहंदी डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको इस साल काफी ज्यादा पसंद किया गया है। हम आपको राउंड टिक्की मेहंदी से लेकर पीकॉक फेदर वाली डिजाइन वाली मेहंदी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी डिजाइंस खूब चर्चा में होती है।

## कस्टमाइज मेहंदी

बता दें कि इस साल कस्टमाइज मेहंदी का ट्रेंड भी खूब चलन में है। इस तरह की मेहंदी में लोग किसी एक थीम को फॉवो करते नजर आए हैं। जैसे वेडिंग थीम या बेबी शावर थीम खूब ट्रेंड में रही है। तो वहीं कुछ लोगों ने अपने पार्टनर की फोटो को मेहंदी में बनवाया।

## पीकॉक डिजाइन

मेहंदी डिजाइन में इस साल मोर के पंख और मोर वाली डिजाइन काफी ज्यादा चर्चा में रही। यह आपके हाथों में काफी खूबसूरत लगेगी। आप इस मेहंदी डिजाइन को फ्रंट और बैक साइड दोनों पर अप्लाई करवा सकते हैं।

## क्रिस क्रॉस मेहंदी डिजाइन

इस तरह की मेहंदी डिजाइन हाथों में बहुत ज्यादा खूबसूरत लगती है। इस साल किसक्रॉस यानी की जाल दार मेहंदी डिजाइन काफी ज्यादा ट्रेंड में रही है। इसे त्योहारों से लेकर शादियों तक के मौकों पर आप लगा सकती है।

## अरेबियन और मारवाड़ी फ्यूज़न

इस साल अरेबियन और मारवाड़ी का फ्यूज़न कॉम्बिनेशन भी काफी ज्यादा ट्रेंड में रहा है। इस तरह की डिजाइन में आपको ब्रेसलेट लुक मिलता है। इस तरह की मेहंदी डिजाइन में आपको डिफरेंट वैराइटीज एक ही डिजाइन में नजर आएंगी।

## मंडला आर्ट मेहंदी

इस तरह की मेहंदी डिजाइन आपको हाथों पर खूब जचेंगी। इस डिजाइन में फाइन वर्क किया जाता है। त्योहारों से लेकर शादियों तक में लोगों ने इस डिजाइन को अपने हाथों में ट्राई किया है।

## गोल टिक्की मेहंदी डिजाइन

बता दें कि इस बार किसी भी तीज त्योहार या शादी के फंक्शन में यह मेहंदी की डिजाइन काफी ज्यादा चर्चा में रही है। यह काफी जल्दी लग जाती है और यह हाथों में भी काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है।

# सर्दियों में ऐसे स्ट्रांग करें अपनी इम्यूनिटी, आदतों में बदलाव कर फिट और एनर्जेटिक बने रहेंगे आप





सर्दी का मौसम दस्तक दे चुका है। ऐसे में हम सभी को अपना खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। ठंड में तापमान कम होने के कारण हमारी इम्यूनिटी भी कमजोर होने लगती है। ऐसे में सर्दी-जुकाम, बुखार और फ्लू जैसी समस्याएं हमारे शरीर को जकड़ लेती हैं। इसलिए किसी भी बीमारी से बचने के लिए हम सभी को पहले ले कुछ इंतजाम कर लेने चाहिए।

बीमारियों से बचने के लिए हमारी इम्यूनिटी का स्ट्रांग होना बहुत जरूरी है। मौसम में बदलाव होने के साथ ही आपको अपनी कुछ आदतों में भी बदलाव करना चाहिए। ऐसे में हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि किस तरह से सर्दी के मौसम में आप अपनी कुछ आदतों को बदलकर स्वस्थ रह सकते हैं।

**एक्टिव रहें**

बढ़ती सर्दी के साथ ही हमारे अंदर आलस भी बढ़ने लगता है। ऐसे में अधिकतर लोग एक्सरसाइज को स्किप करने लगते हैं। लोगों को जिम या पार्क में जाकर वर्कआउट करने में सबसे ज्यादा आलस आता है। लेकिन वर्कआउट के लिए जरूरी नहीं है कि आप जिम जाएं। आप चाहें तो घर पर भी कुछ एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसके अलावा लिफ्ट की जगह जीने का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आप फिट व एक्टिव रहेंगे और एनर्जेटिक बने रहेंगे।

**तेल मालिश करें**

शरीर की मालिश करने से इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में अगर आप रेगुलर बॉडी मसाज लेते हैं, तो इससे आपका शरीर इंफेक्शन और बीमारी से बेहतर ढंग से लड़ पाता है। कुछ लोगों को सर्दी के मौसम में मसल्स और हड्डियों के जोडों में अकड़न की समस्या होती है। लेकिन जब आप तेल मसाज लेते हैं, तो मसल्स और हड्डियों के जोड़ों को गति मिलती है। जो आपके शरीर के लिए फायदेमंद होती है। मसाज के बाद स्टीम लेने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है।

**अच्छी नींद लें**

इम्यूनिटी को मजबूत करने के लिए अच्छी और पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी है। इसलिए भरपूर नींद लेने की कोशिश करें। हांलाकि सर्दियों के मौसम में ज्यादा सोने के लिए समय नहीं मिल पाता है। लेकिन भले ही आप जितनी देर के लिए सोएं, अच्छी नींद लेने की कोशिश करें। अच्छी और पर्याप्त नींद लेने से बॉडी टॉक्सिन दूर करती है। जिससे हमारे शरीर को एनर्जी मिलती है।

**लिमिट में खाएं**

कहा जाता है कि हर चीज की अति बुरी होती है। यह बात खाने पर भी लागू होती है। ऐसे में आपको जो खाने में पसंद हैं, उसे बहुत ज्यादा ना खाएं। क्योंकि शरीर को जितनी जरूरत होती है, वह उतना ही खाना उपयोग करती है। बाकी खाने को हमारा शरीर एनर्जी के रूप में बचाता है। जब आप कोई चीज ज्यादा खाते हैं, तो इसकी मात्रा फैट में बदल जाती है।

**जरूर खाएं कच्चा सलाद**

सर्दियों के मौसम में फिट रहने के लिए आप कच्चे सलाद का सेवन करें। सर्दी के मौसम में बाजार में कई तरह की सब्जियां मिलती हैं। जिन्हें कच्चा खाना हमारी सेहत के लिए अच्छा होता है। इसलिए आप भी सलाद में गाजर, चुकंदर, खीरा और मूली आदि शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा आप स्प्राउट्स, जूस, फल और अंडे आदि भी खा सकते हैं।



48 की उम्र में भी अपनी अदाओं से फैंस को दीवाना बना देती हैं Shilpa Shett4, टोंड बॉडी कर रही हैं फ्लॉन्ट

# जानिए लंबी आयु और स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाले यह दिव्य मंत्र, हर बाधा होगी दूर



अपने जीवन की सुख-समृद्धि के लिए हर व्यक्ति पूजा-पाठ करता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, अपने परिवार की रक्षा हेतु मनुष्य को अलग-अलग तरह की पूजा-अनुष्ठान, हवन, दान-पुण्य, मंत्र-पाठ और अन्य उपाय करने चाहिए। वहीं हिंदू धर्म में कुछ ऐसे शक्तिशाली और प्रभावी मंत्रों का उल्लेख मिलता है। जिनका नियमित नियम से जाप करने से व्यक्ति की बड़ी से बड़ी समस्या हल हो सकती है।

इन मंत्रों के रोजाना जाप से व्यक्ति को ना सिर्फ लंबी आयु बल्कि स्वस्थ जीवन भी मिलता है। इन मंत्रों का उद्देश्य मानव जीवन का कल्याण है। इन चमत्कारिक मंत्रों में दिव्य और अलौकिक शक्तियां निहित होती हैं। जिनके जाप से गंभीर रोग और अकाल मृत्यु को भी टाला जा सकता है।

**महामृत्युंजय मंत्र**

महामृत्युंजय मंत्र को मृत्यु को पराजित करने वाला सबसे कारगर मंत्र को माना गया है। इस मंत्र का उल्लेख रुद्र संहिता के सतीखंड में मिलता है। धार्मिक पुराणों के मुताबिक इसी मंत्र के कारण ही राजा दधिच भी पूर्ववत सकुशल जीवित हुए थे। इसी मंत्र की शक्ति से महर्षि मार्कण्डेय ने यमराज को पराजित किया था। शिवपुराण के अलावा ऋग्वेद, यजुर्वेद, नारायणोपनिषद् में भी इस मंत्र का उल्लेख मिलता है। संपुट सहित यह मंत्र इस प्रकार है- क्क हौं जूं स:, क्क भूर्भुव: स्व:। क्क भूर्भव: स्व:। क्क त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्व्वारूकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात। स्व: भुव: भू: क्क हौं जूं स: क्क। यज्ञ, जप, अभिषेक आदि के माध्यम से इस मंत्र की साधना की जाती है। यह मंत्र शीघ्र फल देने वाला है।

**बगुलामुखी मंत्र**

जो व्यक्ति गंभीर रोग से पीड़ित रहते हैं, उन्हें बगुलामखी देवी के मंत्र का जप करना चाहिए। अगर रोगी इस मंत्र का जप करने में असमर्थ है, तो इसका जाप किसी अन्य से भी करवाया जा सकता है। यह मंत्र इस प्रकार है- क्क ऐं ऐ क्क ह्रीं बगलामुखी ईशानाय भूतादिपतये, वृषभ वाहनाय कर्पूर वर्णनाय त्रिशूल हस्ताय सपरिवाराय, एहि एहि मम्। विघ्नान् विभंज्जय विभंज्जय, क्क मम पत्नी अस्य अकाल मृत्यु मुखं मृत्यु स्तम्भय स्तम्भ्य, क्क ह्रीं मम पत्नी अस्य आकाल मृत्यु मुखं भेदय भेदय, क्क वश्यम् कुरू कुरू, क्क ह्रीं बगलामुखि हुम फट् स्वाहा। इस मंत्र के नियमित जाप से गंभीर से गंभीर रोग ठीक हो जाता है।

**दुर्गा सप्तशती का मंत्र**

अगर कोई व्यक्ति अक्सर बीमार रहता है, उसकी सेहत में अक्सर उतार-चढ़ाव बना रहता है। तो ऐसे व्यक्ति को दुर्गा सप्तशती के इस प्रभावशाली मंत्र का जाप करना चाहिए। यह मंत्र इस प्रकार है- देहि सौभाग्यमारोग्यं, देहि मे परमं सुखं। रूपं देहि, जयं देहि, यशो देहि, द्विषो जहि। इसके अलावा रुद्राभिषेक करना भी काफी ज्यादा शुभ माना जाता है।

**आदित्य हृदय स्तोत्र**

बता दें कि ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को सभी ग्रहों का राजा माना गया है। वहीं हृदय का कारक ग्रह सूर्य को माना गया है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति हृदय रोग से पीड़ित है, तो उसे नियमित आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। इसके अलावा उगते हुए सूर्य को जल अर्पित करना चाहिए।


**सूर्य गायत्री मंत्र**

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को रोजाना सूर्य गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। यह एक प्रभावशाली और दिव्य मंत्र है। यह मंत्र इस प्रकार है- क्क भास्कराय विद्महे दिवाकर। धीमहि तन्नो सूर्य प्रचोदयात। इस मंत्र का रोजाना पांच माला जाप करना चाहिए। अगर रोगी की बीमारी का पहले पता चल जाए तो इलाज के साथ ही इस मंत्र के जाप से उसे जल्द ही रोग से मुक्ति मिल जाती है।

**तुला दान**

ज्योतिषशास्त्र के मुताबिक व्यक्ति के सभी अंग्रो पर विभिन्न ग्रहों का प्रभाव होता है। ग्रहों की चाल से ही जातक को रोग और कष्ट मिलता है। इसलिए ग्रहों को अनुकूल बनाने के लिए जातक को अपने वजन के बराबर ग्रहों से संबंधित अनाज को तौलकर दान करना चाहिए। जैसे द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर के साथ ही तुलादान मंदिर स्थित है। यहां पर लोग ग्रहों को अनुकूल बनाने के लिए तुलादान करते हैं। मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने यहां पर तुलादान किया था।

# शरीर को डिटॉक्स रखने के लिए डेली रुटीन में शामिल करें ये योगासन, फिट रहेंगे आप



हमारे शरीर में कई सारे विषाक्त पदार्थ बनते हैं। जिनका शरीर से बाहर निकलना जरूरी होता है। अगर यह आपके शरीर के अंदर ही रह जाते हैं, तो किडनी, फेफड़ा, लिवर और दिल को नुकसान पहुंचा सकती है। हांलाकि शरीर खुद ही विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल देता है। लेकिन कुछ कमजोर अंग गंदगी की सफाई ढंग से नहीं हो पाती है। शरीर में टॉक्सिन बढ़ने से शारीरिक अंग कमजोर होने लगते हैं। साथ ही समय से पहले ढीली त्वचा, कमजोरी, सफेद बाल और बुढ़ापे के लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

आपको बता दें कि शरीर की सफाई के लिए मुख्य रूप से 5 अंग काम करते हैं। इन पांच अंगों में किडनी, फेफड़े, आंत, लिवर और स्किन है। बता दें कि स्वस्थ रहने के लिए शरीर का डिटॉक्स होना जरूरी है। शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आप योगा की मदद ले सकते हैं।

## अधोमुख श्वानासन

सूर्य नमस्कार के सात आसनों में अधोमुख श्वानासन है। इस आसन को करने से आपका शरीर आगे की तरफ झुकता है। जिससे शरीर में रक्त संचार बेहतर होने लगता है। इस योग से बॉडी के कई भाग स्ट्रेच होते हैं। इस योग की गिनती स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज़ में की जाती है।

## कैसे करें अधोमुख श्वानासन

इस आसन को करने के लिए सबसे पहले मैट पर खड़े हो जाएं।

फिर दोनों हाथों को ऊपर की तरफ ले जाएं और बाजुओं को एकदम सीधा कर लें।

अब अपने शरीर को आगे की तरफ झुकाएं, घुटनों को मोड़े और दोनों हाथों को जमीन से लगाएं।

इस दौरान हाथों और पैरों के बीच दूरी होना जरूरी है।

इस आसन को करते समय एड़ियों को उपर उठाने का प्रयास करें।

## भारद्वाजासन

भारद्वाजासन को करने से शरीर में लचीलापन बढ़ने लगता है। इस आसन को रोजाना करने से शरीर डिटॉक्स होने के साथ ही फिट भी रहती है। भारद्वाजासन को करने से शरीर की मांसपेशियां खिंचने लगती है, जिससे कई रोगों से शरीर को छुटकारा मिल जाता है।

## कैसे करें भारद्वाजासन

भारद्वाजासन को करने से सबसे पहले मैट पर बैठ जाएं। फिर सुखासन मुद्रा में बैठकर आंखें बंद कर लें।

इसके बाद दाहिने हाथ से बाएं घुटने को छुएं और बाएं हाथ से दाहिए घुटने को छूने की कोशिश करें।

इस आसन को शुरूआत में 30 सेकण्ड से एक मिनट तक रहने का प्रयास करें।

एक बार करने के बाद दूसरी बार में बांए हाथ से दांए घुटने का पकड़ें।

इस आसन को करते समय गर्दन को पीछे की ओर मोड़ लें।

## नौकासन

शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आप अपने डेली रूटीन में नौकासन योग को शामिल करें। इससे मांसपेशियों की ऐंठन और पैरों में होने वाला दर्द कम होता है।

## ऐसे करें नौकासन

इस आसन को करने के लिए मैट पर सीधे लेट जाएं।

फिर दोनों बाजुओं को टांगों से सटा लें।

इसके बाद धीरे धीरे ऊपर की तरफ उठें और बाजुओं को सीधा कर लें।

अब अपने दोनों पैरों को ऊपर की तरफ उठाएं। इस दौरान पैर एकदम सीधे होने चाहिए।

# पाकिस्तान में है ये जगह, जहां की लड़कियों को माना जाता है दुनिया में सबसे सुंदर!



यहां की लड़कियों को इसलिए खुबसूरत माना जाता है, क्योंकि यहां की महिलाएं 80 साल की उम्र में भी जवान और खूबसूरत ही नजर आती हैं। इतनी अच्छी हेल्थ की वजह से यहां की महिलाएं 60 साल की उम्र के बाद भी मां बन सकती हैं।

ये जगह पाकिस्तान में है और इसका नाम है हुंजा वैली। यहां की महिलाओं को काफी खुबसूरत माना जाता है और अपनी अच्छी लाइफस्टाइल की वजह से यहां की लड़कियां 100 साल से ज्यादा जिंदा रहती हैं।

यहां के लोग बहुत कम बीमार पड़ते हैं और इसकी वजह ये है कि यहां जो नदी बहती है, उसमें काफी मिनरल्स हैं। इससे यहां के लोग स्वस्थ रहते हैं और हुंजा वैली के लोग एक बार दोपहर में और फिर रात में ही खाना खाते हैं।

इसके साथ ही यहां के लोग यहां के लोगों से आपस में शादी करते हैं और खेती भी वहां ही करते हैं। खेती में रासयनिक पदार्थ का इस्तेमाल नहीं किया जाता है और शुद्ध खाना बनाते और खाते हैं।

बता दें कि दुनिया की ऐसी जगहें जहां लाइफ एक्सपेक्टेंसी बहुत ज्यादा होती है, ब्लू जोन कहलाती हैं। हुंजा वैली को भी उसी ब्लू जोन में शामिल किया गया है। नॉनवेज से यहां के लोगों की दूरी है और कभी कभी नॉनवेज खाया जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -220


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 219 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लो |
| वा | च | क | | हा | | | खु | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

# दिवाली पर बना रहे घूमने का प्लान तो लिस्ट में शामिल करें ये जगहें, खास हो जाएगी आपकी ट्रिप

दिवाली पर कई दिनों की छुट्टियां मिलती हैं। ऐसे में कई लोग इन दिनों में वेकेशन प्लान कर लेते हैं। क्योंकि लोग अक्सर इस बीच मिलने वाली छुट्टियों में शनिवार और संडे को भी शामिल कर लेते हैं। ऐसे में घूमने के शौकीन लोग पांच या सात दिन का वेकेशन प्लान कर लेते हैं।

ऐसे में अगर आप भी इस दिवाली की छुट्टियों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो बता दें हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप दिवाली इंज्वॉय कर सकते हैं और साथ ही अपनी छुट्टियां भी मना सकते हैं।

## अयोध्या

आपको बता दें कि अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मस्थली है। जिसके कारण यहां पर दिवाली पर कुछ अलग ही रौनक देखने को मिलती है। दिवाली के मौके पर अयोध्या नगर को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। बता दें कि दिवाली के मौके पर यहां एक साथ तीन लाख दिए जलाए गए थे। यह गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया था।



ऐसे में आप दिवाली के मौके पर अयोध्या घूमने के लिए आ सकते हैं।

## अमृतसर

वैसे तो अमृतसर मुख्य तौर पर गोल्डन टेंपल के लिए जाना जाता है। लेकिन अमृतसर में दिवाली का पर्व बेहद अलग अंदाज में मनाया जाता है। अगर आप भी दिवाली की छुट्टियों में अमृतसर जाने का प्लान बना रहे हैं। तो बता दें कि यहां पर आप होने वाली आतिशबाजी का लुत्फ भी उठा सकते हैं। दिवाली पर जलने वाले दिए, लाइटें और आतिशबाजी माहौल को बहुत ज्यादा खूबसूरत बना देती हैं।

## वाराणसी

वाराणसी हिंदू के लिए बेहद खास जगह है। ऐसे में दिवाली की छुट्टियों में आप वाराणसी घूमने का प्लान बना सकते हैं। यहां पर रात भर होने वाली आतिशबाजी का लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें कि दिवाली के मौके पर आपको वाराणसी में गंगा आरती में शामिल होना चाहिए। गंगा आरती के बाद घाटों पर दिए और मोमबत्ती जलाए जाते हैं। फिर इन दियों को गंगा में बहाया जाता है। नदी में जलते हुए दियों को देखने का अलग ही नजारा होता है।

## उदयपुर

दिवाली मनाने के लिए उदयपुर भी एक लोकप्रिय जगह है। दिवाली के मौके पर उदयपुर को रोशनी और आतिशबाजी से सजाया और रोशन किया जाता है। यह पिछोला झील के ऊपर रिफ्लेक्ट होता है। इसके अलावा आप यहां पर उदयपुर लाइट फेस्टिवल में भी शामिल हो सकते हैं। उदयपुर लाइट फेस्टिवल सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है।

# एसईसीएल की खदानों में कोयला चोरों की बढ़ी सक्रियता



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कोयला खान क्षेत्र में लचर सुरक्षा व्यवस्था व कथित पुलिसिया साठगांठ से कोयला खान क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। कुमदा सहक्षेत्र में चोर गिरोह एक के बाद एक चार चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस के रात्रिगश्त के दावों की पोल खोल रहा है। कोयला खान क्षेत्र में एक बार फिर चोर गिरोह सक्रिय नजर आ रहा है।

चोरो ने इस बार मंगलवार की रात को कुमदा 7/8 खदान के कांटाघर एवं बूम बैरियर में दबिश देकर 47 हजार रुपये लागत के दो यूपीएस व पांच नग बैटरी की चोरी कर ली है। सुरक्षा गार्ड कन्हैया लाल की रिपोर्ट पर विश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत चोरी का अपराध दर्ज कर लिया है। इससे पूर्व चोरो ने एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र की कुमदा 7/8 खदान से कुमदा कालोनी में पावर सप्लाई के लिए लगा 60 मीटर ओवरहेड कंडक्टर केबल काटकर चोरी कर लिया था। हजारो रुपये लागत के केबल चोरी के मामले में पुलिस ने चोरी का जुर्म दर्ज कर लिया था। इसके पूर्व 20 अक्टूबर की रात को कुमदा 7/8 खदान के पंखा घर से 40 हजार रुपये लागत के 15 मीटर आर्मड केबल की चोरी कर ली थी। वही 12 अक्टूबर की रात को कोयला खान क्षेत्र से डेढ़ सौ लीटर डीजल चोरी व 18 अक्टूबर की रात को कुमदा 7 - 8 खदान के राईबोर होल से ओवरहेड लाइन का 230 मीटर कंडक्टर तार काटकर चोरी करने के बाद फिर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध धारा 379 के तहत चोरी का अपराध दर्ज कर लिया है।

बता दें कि 14 लाख से अधिक लागत के केबल चोरी के मामले में दर्जन भर आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद शांत चोर गिरोह के सदस्य एक बार फिर कोयला खान क्षेत्रों में सक्रिय नजर आने लगे हैं। चोरों ने पखवाड़े भर पूर्व एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के कुमदा 7/8 खदान के पंखा घर में दबिश देकर 40 हजार रुपये लागत के 15 मीटर आर्मड केबल की चोरी कर ली थी।एसईसीएल कोयला खान क्षेत्र में लचर सुरक्षा व्यवस्था व कथित पुलिसिया सांठ गांठ से कोयला खान क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। कुमदा सहक्षेत्र में चोर गिरोह एक के बाद एक चार चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस के रात्रिगश्त के दावों की पोल खोल रहा है। इसके पूर्व विगत 20 अक्टूबर की रात को कुमदा 7/8 खदान के पंखा घर से 40 हजार रुपये लागत के 15 मीटर आर्मड केबल की चोरी कर ली थी।

वही 12 अक्टूबर की रात को कोयला खान क्षेत्र से डेढ़ सौ लीटर डीजल चोरी व 18 अक्टूबर की रात को कुमदा 7 - 8 खदान के राईबोर होल से ओवरहेड लाइन का 230 मीटर कंडक्टर तार काटकर चोरी करने के बाद फिर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध धारा 379 के तहत चोरी का अपराध दर्ज कर लिया है।

## चार लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**बलरामपुर।** जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में अवैध शराब विक्रय करने वालों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा थाना बलंगी अंतर्गत ग्राम जोगयानी निवासी देवनाथ के पास से चार लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब तथा 360 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर आरोपित के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 34 (1) (क) (च) का प्रकरण कायम कर कार्रवाई की गई।

## तेज गति की कार पलटने से चालक की मौत

**अंबिकापुर।** शहर से लगे ग्राम भिटठीकला माझापारा में अनियंत्रित कार के खेत में पलट जाने से चालक बसंत राजवाड़े की मौत हो गई। मृतक बसंत राजवाड़े गुरुवार की शाम कार लेकर घर से निकला था। मुख्य मार्ग में चालक का कार पर से नियंत्रण हट गया। तेज गति की कार सड़क से खेत में जाकर पलट गई। चालक दूर फेंका गया था। जब तक स्वजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचते उसकी मौत हो गई थी। तेज गति को दुर्घटना का कारण बताया जा रहा है।

## चुनाव प्रचार जारी

**जनकपुर।** भरतपुर सोनहत क्षेत्र में विधानसभा चुनाव का प्रचार जारी है। प्रत्याशी अपने मुद्दों के साथ लोगों से मिल रहे है।

# मार डाला जानवर को, दो आरोपियों को लिया जद में



**जनकपुर।** एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल अन्तर्गत वन्यप्राणी जंगली सुंअर का शिकार करने वाले दो आरोपियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन कर्मचारियों को मुखबिर से सूचना मिली कि वन परिक्षेत्र बहरासी के चुटकी बीट में 01 नवम्बर 2023 को दो ग्रामीणों ने वन्यप्राणी जंगली सुंअर का शिकार किए हैं और मांस को ग्राम चुटकी एवं ग्राम धोवाताल मे बिक्री करने के लिए ग्राहकों का तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बहरासी इन्द्रभान पटेल ने अपने उच्च अधिकारियों वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ लोकनाथ पटेल एवं उप वनमण्डल अधिकारी केल्हारी के.एस. कंवर को मामले की जानकारी देकर उनके निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वनपरिक्षेत्र बहरासी के अन्य स्टाफ का एक टीम बनाकर ग्राम चुटकी एवं ग्राम धोवाताल में संदिग्धों के यहां दबिश दिए।

दबिश के दौरान वन टीम को सफलता मिल गई और वन्य प्राणी जंगली सुअर को मारने एवं ताजा मांस बेचने में संलिप्त दो अभियुक्त ग्राम चुटकी निवासी अमरसिंह आत्मज कृपाल सिंह गोंड एवं ग्राम धोवाताल निवासी समारू आत्मज हीरालाल पण्डो को 03 किलो जंगली सुंअर का ताजा मांस सहित रंगे हांथो पकड़ लिए एवं शिकार मे प्रयुक्त 02 नग कुल्हाड़ी, 02 नग गंडासा को जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 6195/03 दिनांक 1-11-2023 बीएफ चुटकी श्रीमती रेनू सिंह द्वारा पंजीबद्ध किया गया तथा वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 44, 50, 51के तहत कार्रवाई हेतु अधिरोपित कर न्यायालयीन आदेश से जेल भेज दिए।

# सैर पर निकले पूर्व सैनिक की हत्या को लेकर गरमाया इलाके का माहौल



**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करमडीहा में पूर्व सैनिक देव कुमार कन्नौजिया की शुक्रवार सुबह धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक प्रतिदिन की तरह भोर लगभग चार बजे मार्निंग वाक पर निकला था। उसी दौरान किसी ने पीछे से प्राणघातक वार कर दिया। बीच सड़क पर पूर्व सैनिक का शव पड़ा हुआ था। सुबह रास्ते से गुजर रहे लोगों ने खून से लथपथ पूर्व सैनिक का शव देखा।

घटना स्थल पर खून बह रहा था। घटना की सूचना पर बसंतपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची पूर्व सैनिक के शव को पोस्टमार्टम के लिए वाड्राफनगर ले जाया गया है। अभी तक हत्या का कारण और हथियारों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस मृतक के स्वजन के अलावा गांव वालों से भी पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि पूर्व सैनिक का किसी से कोई विवाद तो नहीं था। अभी तक की जानकारी में ऐसा कोई तथ्य सामने नहीं आया है जो हत्या का कारण बन सके। पूर्व सैनिक देव कुमार कनौजिया दो वर्ष पूर्व ही भारतीय सेना से सेवानिवृत हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे गांव में ही आकर निवास कर रहे थे।पुश्तैनी जमीन पर खेती-बाड़ी के अलावा वे मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल में बतौर शिक्षक सेवा भी दे रहे थे।इस घटना के बाद से गांव में सनसनी फैल गई है। घटनास्थल से लेकर वाड्रफनगर तक मृतक के स्वजन के अलावा परिचितों की भीड़ लगी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है की हत्या की वारदात को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है। घटना कारित करने वाले लोगों को संभवत: इस बात की जानकारी थी कि प्रतिदिन भोर में आदत के अनुरूप पूर्व सैनिक घर से टहलने के लिए निकलते हैं। सुबह लगभग चार बजे वे घर से निकल जाया करते थे। उसी दौरान गांव की सड़क पर लोगों की आवाजाही नहीं होती है। इसी सुनसान माहौल का फायदा उठाकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

## जेल से छूटते ही गांजा के धंधे में लगा युवक फिर गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रायकेरा निवासी दीपक कुशवाहा को तीन किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित पूर्व में भी गांजा के साथ पकड़ा गया था। न्यायालय के निर्देश पर उसे जेल भेजा गया था।जेल से बाहर निकलने के बाद वह फिर से गांजा के अवैध कारोबार में लग गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम रायकेरा निवासी दीपक कुशवाहा स्कूटी में गांजा रखकर ग्राम मंगरैलगढ के पास बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। इस सूचना पर सीतापुर पुलिस की टीम ने घेरबंदी कर आरोपित को पकड़ा। जब उसके स्कूटी की तलाशी ली गई तो उसमें तीन किलो गांजा बरामद हुआ। बता दें कि सीतापुर क्षेत्र के कुछ गांजा तस्करों के तार ओडिशा से जुड़े हुए हैं। इसी कारण इस क्षेत्र में लगातार गांजा की खेप पहुंचती है। पुलिस के सटीक सूचना तंत्र से लगातार सूचना मिल रही है। गांजा विक्रेता लगातार पुलिस की गिरफ्त में भी आ रहे हैं पर यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## कार्तिक स्नान की परंपरा

**कोरिया।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्तिक स्नान की परंपरा बनी हुई है। इसके पीछे आध्यात्मिक महत्व बताये जाते है। लोगों को ब्रम्हमुहूर्त में जलाशयों में देखा जा रहा है।

# खेलने की जगह नहीं पर शैक्षणिक संस्थान के मैदान में लगेगा फटाका मार्केट



**अंबिकापुर।** दीपावली पर इस बार पटाखा की फुटकर दुकान पीजी कालेज मैदान में नहीं लगाई जाएगीमप्रशासन ने पटाखा बाजार के लिए प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप माता राजमोहिनी देवी शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मैदान को निर्धारित किया है। यहीं पर पटाखा की दुकानें लगाई जाएगी। व्यवसायिक दृष्टिकोण से यह स्थल सर्वथा उपयुक्त है। शुक्रवार को कलेक्टर कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने भी कन्या महाविद्यालय के नजदीक पटाखा बाजार स्थल का निरीक्षण किया शासन के निर्देशों के अनुरूप पटाखा बिक्री करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन द्वारा स्थल की साफ - सफाई, पानी बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम तेजी से पूरा कराया जा रहा है।

पिछले कई वर्षों से अंबिकापुर के कालेज मैदान में दीपावली के समय फुटकर पटाखा की दुकान लगती हैं।इस बार चुनाव है।चुनाव के मद्देनजर किसी भी राजनीतिक दल की बड़ी सभा प्रस्तावित हुई तो कालेज मैदान सबसे बड़ा विकल्प है। इसके अलावा यहां तीन हेलीपैड भी बनाए गए हैं। स्टार प्रचारकों के आगमन के दौरान भी इन हेलीपैड का उपयोग होगा। ऐसे में यदि कालेज मैदान में पटाखा की दुकान लगाई जाती तो व्यापारियों को भी नुकसान होता। संभव था कि आकस्मिक स्थिति में दुकान लग जाने के बाद भी उन्हें किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट करना पड़ता। इससे नई समस्या खड़ी हो सकती थी। व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हो सकता था। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह स्थल उपयुक्त नहीं माना जा रहा था। ऐसे में प्रशासन और पुलिस ने पहल की। कलेक्टर ने व्यापारियों के आर्थिक हित को देखते हुए राजमोहिनी कन्या महाविद्यालय के खेल मैदान स्थल को उपयुक्त पाया था। शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ फुटकर पटाखा विक्रेताओं की बैठक आहूत की गई हालांकि इस बैठक में कुछ फूटकर पटाखा विक्रेता कालेज मैदान को व्यवसाय की दृष्टि से उचित मान रहे थे लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइए के बाद उन्हें भी लग गया कि प्रशासन ने जो स्थल निर्धारित किया है वह हर दृष्टिकोण से उपयुक्त है।प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप कन्या महाविद्यालय का लंबा चौड़ा खेल मैदान है। रिंग रोड के अलावा प्रतीक्षा बस स्टैंड की ओर से यहां जाने के लिए अच्छी सड़क है।आपात स्थिति के लिए फायर स्टेशन भी नजदीक में ही है। बस स्टैंड होने के कारण लोगों का आना-जाना भी यहां लगा रहता है। ऐसे में व्यवसाय और बेहतर होने की संभावना है पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद फुटकर पटाखा विक्रेता भी नए स्थल पर दुकान लगाने के लिए राजी हो गए। बाद में कलेक्टर कुंदन कुमार व पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा भी फुटकर पटाखा दुकानों के लिए प्रस्तावित नए स्थल का निरीक्षण किया। यहां नगर निगम के अधिकारियों को सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा फुटकर पटाखा बाजार स्थल पर पानी, बिजली की सुविधा बहाल करने काम शुरू कर दिया गया है।आसपास साफ- सफाई भी की जा रही है। सभी व्यवसायियों को स्थल आवंटित किया जा रहा है। शीघ्र ही यहां दुकानें लग जाएगी।

# गुणवत्ता प्रकोष्ठ से नई शिक्षानीति और होगी मजबूत:कुलपति

**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुवात कुलपति प्रो अशोक सिंह के द्वारा मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वलन कर हुई। सबसे पहले डा सीमा सूर्यवंशी, डा मनीषा देवांगन , डा रचना लारिया , डा विमल कुमार रात्रे ,डा मनोज कुमार झरिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया।




संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के कुलपति प्रो अशोक सिंह ने फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के छठवे दिन अपने उद्बोधन में कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) किसी विश्वविद्यालय की रीढ़ की हड्डी होती है ,जिसके द्वारा किए गए कार्य से ही विश्वविद्यालय आगे बढ़ता है। इसी के माध्यम से विश्वविद्यालय में अलग-अलग तरह के सेल्स बनाए जाते हैं , जैसे ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल , वूमेन सेल , एससी एसटी सेल, कंप्लेंट सेल आदि जो विश्वविद्यालय में स्वतंत्र होकर कार्य करती हैं और सीधे विश्वविद्यालय के कुलपति को अपना रिपोर्ट देती है।उन्होंने बताया कि इन सेल्स के कार्यों से छात्रों को बहुत हिम्मत मिलती है क्योंकि वह स्वतंत्र होकर इन सेल्स में अपनी बात को रख पाते हैं। इसी तरह संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में छोटे-छोटे स्टार्टअप्स के लिए भी उन्होंने सभी प्राध्यापकों को निर्देश दिया कि अपने-अपने विभाग में किस तरह से स्टार्टअप्स चालू किए जाएं। राज्य और केंद्र सरकार को किस तरह से प्रस्ताव भेजकर उनका क्रियान्वयन किया जाए 7 उन्होंने इसके भविष्य को ध्यान में रखकर कार्य करने के निर्देश दिया। उन्होंने आगे कहा की विश्वविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर की बहुत आवश्यकता है क्योंकि इससे छात्रों के अंदर निहित प्रतिभा को निकालने में सहायता मिलती है देश-विदेश के एक्सपर्ट्स आनलाइन माध्यम से इन इनक्यूबेशन सेंटर्स में ट्रेनिंग देते हैं जिससे विद्यार्थियों का विकास होता है। इस तरह उन्होंने छठवें दिन सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी और आगे भी विश्वविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम होने पर जुड़ने का आग्रह किया।वक्ता के रूप में प्रो संजय कुमार सिंह ने डिजिटल तकनीकी का उपयोग राष्ट्रीय शिक्षा नीति में किस प्रकार हुआ इस विषय पर अपना व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने पुराने शिक्षा पद्धति और नए शिक्षण पद्धति के समग्र विकास के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने बताया की इस शिक्षा नीति में इंटर्नशिप विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभदायक है। प्रो सुजीत कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, प्रोफेसर सीमा राय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इवोल्यूशन ,क्वालिटी पैरामीटर्स , पॉलिसी रिफॉर्म्स , एकेडमीक एक्टिविटी , फैसिलिटी लर्नर इन्वायरमेंट , इंप्रूवमेंट टीचिंग , फीडबैक की जानकारी दी। डा रितेश वर्मा, डा जया शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सेटिंग स्टार्टअप, इनफॉरमेशन सेंटर और टेक्नोलाजी डेवलपमेंट सेंटर के बारे में अपना वक्तव्य दिया।

## दिव्यांग पंडो की मौत मिर्गी से था पीड़ित

**प्रेमनगर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम केदारपुर में दिव्यांग शिव पंडो की मौत हो गई। वह मिर्गी से पीड़ित था। जानकारी के अनुसार शिव कुमार पण्डो चलने व बोलने में असमर्थ था। कुछ दिन पूर्व शिव कुमार को दस्त की शिकायत पर स्वजन प्रेमनगर अस्पताल लेकर आए जहां तबियत में सुधार नहीं होने पर जिला अस्पताल सूरजपुर रिफर किया गया। जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार नहीं होने पर उसे मेडिकल कालेज अस्पताल अंबिकापुर भेज दिया गया। इस बीच उसकी मौत हो गई।

## सड़कों पर पुलिस की जांच जारी

**कोरिया।** चुनाव में अवैध धन और सामान के दुरूपयोग को रोकने के लिए अनेक स्थानों पर चेक प्वाईंट बनाये गये है, पुलिस यहां जांच कर रही है।

## मानसिक बीमारी से जुझ रहे व्यक्ति ने भतीजी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या की

**अंबिकापुर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बांकीपुर में चंद्रभान पैकरा (50) ने भतीजी पूनम पैकरा(13) की टांगी से वार कर हत्या कर दी। हत्या का जो कारण आरोपित ने पुलिस को बताया वह चकित करने वाला है। आरोपित चंद्रभान ने भतीजी को ग्राम सिधमा निवासी रामदास मानकर हत्या कर दी। आरोपित को संदेह था कि रामदास उनके विरुद्ध जादू-टोना करवा रहा है। गुरुवार रात सोए अवस्था में उसे लगा कि रामदास उसके घर आया हुआ है,जबकि ऐसा कुछ भी नहीं था। उसकी भतीजी पूनम चद्दर ओढ़कर सो रही थी। उसी को रामदास सोचकर आरोपित ने टांगी से ताबड़तोड़ वार कर दिया। इससे उसकी भतीजी की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। स्वजन ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से आरोपित चंद्रभान पैकरा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पूर्व में वह पूरी तरह स्वस्थ था। अचानक उसकी मानसिक स्थिति खराब हो गई थी। वह गांव में भी रामदास नामक व्यक्ति को खोजता था। उसी सोच के कारण आरोपित द्वारा भूलवश भतीजी की हत्या कर देने की स्वीकारोक्ति की गई है। घटना से स्वजन मर्माहत हैं। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर जो बड़े पिता ने पूनम को गोद में खिलाया था। जिसके लाड़ प्यार में वह आगे बढ़ रही थी उसी बड़े पिता ने कैसे टांगी से वारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि बांकीपुर में रामनारायण पैकरा तथा उसके बड़े भाई चंद्रभान पैकरा संयुक्त परिवार में साथ में ही रहते थे। दोनों के परिवार के सदस्यों के बीच बेहतर संबन्ध भी हैं लेकिन चंद्रभान पिछले एक सप्ताह से असामान्य व्यवहार कर रहा था। सिधमा के परिचित रामदास नामक व्यक्ति पर उसे संदेह हो गया था। भतीजी पूनम पैकरा जब घर में चादर ओढ़कर सो रही थी उसे भी आरोपित ने सिधमा का व्यक्ति मान लिया इसी कारण उसने टांगी से वारकर हत्या कर दी।

# जयनगर क्षेत्र में कामगार की मौत, पुलिस कर रही जांच

**बिश्रामपुर।** जयनगर गांव में मोटर मैकेनिक मदन पनिका की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला प्रकाश में आया है। जयनगर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने से मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा कि मामला आत्महत्या या हत्या का है।



बता दें कि नगर के अंबेडकर चौक के समीप जयनगर बाजारपारा निवासी मदन पिता लक्ष्मण पनिका 35 वर्ष मोटर मैकेनिक का काम करता था। उसका अपनी पत्नी शीला सिंह से अक्सर वाद विवाद होता रहता था। गुरुवार को शीला सिंह अंबिकापर मार्ग में सिलफिली जंगल मे हाइवे किनारे स्थित हनुमान मंदिर के समीप पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या करने चढ़ी थी। आने जाने वालों ने उसे समझाकर पेड़ से उतारा और 102 पर डायल कर कंट्रोल रूम को इस आशय की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर जयनगर पुलिस टीम भी तत्काल मौके पर पहुंची और उसके जहर सेवन की आशंका पर उसे तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। चिकित्सको ने उसका परीक्षण कर उसे स्वस्थ बताया। उसके बाद जयनगर पुलिस ने पति पत्नी को समझा कर घर भेज दिया था। गुरुवार को ही देर रात शीला ने पुलिस को सूचना दी कि उसके पति मदन पनिका ने देर रात करीब एक बजे घर मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। उसने अपने पति को फांसी के फंदे से उतार भी लिया है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। इधर मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई में पाया कि मृतक मदन के सिर में चोट के निशान है। बाएं आंख में सूजन भी पाया गया। जयनगर पुलिस ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शव का पोस्टमार्टम कराया है। दो चिकित्सको की टीम ने पोस्टमार्टम किया है। इसकी रिपोर्ट मिलने से मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी का एटीएम चोरी कर 80 हजार का आहरण

**अंबिकापुर।** राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी का एटीएम कार्ड चोरी कर 80 हजार रुपये नकद आहरित कर लिए गए। मोबाइल में संदेश आने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी को इस बात की जानकारी लगे। पटपरिया निवासी सकल साय राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी है।उनका एसबीआइ कलेक्टोरेट शाखा में बैंक खाता है।उक्त खाता से लिंक एटीएम के माध्यम से वे रूपये आहरण करते थे। उन्होंने आखिरी बार 24 अक्टूबर 2023 को एटीएम से रूपये आहरण किया था। 30 अक्टूबर को 2023 को उनका एटीएम कार्ड गायब हो गया था।इसी बीच उन्हें जानकारी हुई कि उनके खाते से रूपये आहरण हुआ है तब वे बैंक जाकर स्टेटमेन्ट निकाला। यहां पता चला कि 30 अक्टूबर 2023 व एक नवंबर 2023 को कुल 80 हजार रुपये अलग -अलग किस्तो में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फारेस्ट बेरियर एटीएम से आहरण कर लिया गया है।

# चोरी की उम्र नही, पुलिस ने 2 आरोपियों को दबोचा

**शारदा विहार में कई थी चोरी**

**कोरबा।** पूत के पाव पालने में ही दिख जाते हैं, मतलब की वह आगे क्या करेगा। अपराध के मामलों में भी बात कुछ ऐसी ही होती है । कोरबा की मानिकपुर पुलिस ने शारदा विहार क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में दो नाबालिकों को दबोचा है।

शारदा विहार आवासीय परिसर के एलआईजी आवास में रहने वाले कैलाश सिंह राजपूत, पत्रकार के मकान को चोरों ने पिछली रात्रि निशाना बनाया था और यहां से लगभग ढाई लाख रुपए का सामान पार कर दिया था। इसमे जेवर भी शामिल थे। राजपूत ने मामले की जानकारी मानिकपुर पुलिस को दी थी। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज करने के साथ आगे जांच जारी रखी। गुप्तचर भी सक्रिय किये गए। इस दौरान ज्ञात हुआ कि घटना को 2 नाबालिग ने अंजाम दिया था। वे आसपास के बताए गए है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने आरोपियों को अपनी जद में ले लिया। चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू



ने बताया कि पीड़ित का परिवार दिल्ली गया हुआ था। इस दौरान घटना हुई थी। इस दौरान नाबालिगों से 9 हजार 500 नगद व आभूषण बरामद किये गए। संबंधित ने मौके से अपराध करना स्वीकार किया है। उन्हें संरक्षण गृह भेजने की व्यवस्था की जा रही है। कार्रवाई में एएसआई अजय सोनवानी, हेड कांस्टेबल गुनाराम सिन्हा सहित अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका रही।

# ठग ने मांगे 15 हजार पूछताछ करने पर दी गालियां

**मानिकपुर में शिकायत कराई युवक ने**

**कोरबा।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर निश्चित प्रक्रिया अपनाई जाती है और इसके अंतर्गत पात्र लोगों को इसका लाभ दिया जाता है। इसके बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में ठग सकरी हो गए हैं जो लोगों को फसाने में लगे हैं। कोरबा के मुदापार निवासी संतोष के पास यूपी के अज्ञात नंबर से फोन आया और प्रधानमंत्री आवास मिलने का लालच देकर 15 हजार रुपयों की मांग की गई। व्यक्ति द्वारा पूछताछ करने पर गाली गलौच की गई। इस बारे में पीड़ित व्यक्ति के द्वारा मानिकपुर पुलिस चौकी पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है जिस पर संज्ञान लेने की बात कही गई।

पिछले कुछ समय से छत्तीसगढ़ में ऑनलाईन ठगी के मामले काफी बढ़ गए है। कई लोग ठगों के झांसे में आकर अपनी गाड़ी कमाई गंवा बैठते हैं,तो कई लोग बच





भी जाते हैं। नगरनिगम के वार्ड संख्या मुड़ापार निवासी संतोष नामक व्यक्ति के साथ भी हुआ। संतोष यूपी के अज्ञात नंबर से फोन आया और अटल आवास में मकान निकलने का झांस देकर 15 हजार रुपयों की मांग की गई। संतोष ने मकान मिलने की पूरी प्रक्रिया के संबंध में पूछताछ की। तब उसके द्वारा गाली गलौच की गई और खुद को पुलिस वाला बताया गया। संतोष बिना देर किए सीधे मानिकपुर चैकी पहुंचा और पुलिस से शिकायत की।

लगातार हो रही ऑनलाईन ठगी के संबंध में जन जागरुकता अभियान चलाए जाने का ही नतीजा है,कि संतोष ठगी का शिकर होने से बच गया। संतोष की तरह सभी को जागरुक रहने की जरुरत है ताकी वे ठगी का शिकार न हो सके।

**लगातार जारी है जागरूकता**

पुलिस और वित्तीय संस्थाओं के द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड की घटना से लोगों को सावधान करने और बढ़ाने के लिए जतन किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रत्यक्ष रूप से नोटिस लगाने के साथ कई प्लेटफार्म पर लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत लोगों को बताया जा रहा है कि उन्हें अज्ञात नंबर से आने वाले मोबाइल कॉल को रिसीव नहीं करना है और दूसरे स्तर से प्राप्त लिंक को एंटरटेन करने से बचाना है। बताया जा रहा है कि वित्तीय संस्थाएं कभी भी अपने ग्राहकों से उनके बैंक खातों के साथ-साथ अन्य योजना के बारे में किसी प्रकार की गोपनीय जानकारी नहीं मांगती। इसलिए अगर ऐसा कोई कॉल आता है तो उन्हें विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। लोगों को इस बात की जानकारी भी जा रही है कि समय-समय पर अपने एटीएम कार्ड के पासवर्ड बदलते रहे और वित्तीय लेनदेन करने के दौरान पूरी गोपनीयता की बरती जाए। ऐसा करने से आप अप्रत्याशित घटनाओं से बच सकते हैं।

## जिल्गा में ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फेर गजदल किया धरमजयगढ़ का रूख

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज अंतर्गत जिल्गा गांव में 15 ग्रामीणों के मेहनत पर पानी फेरने के बाद 35 हाथियों का दल वापस धरमजयगढ़ रूख कर लिया है। हाथियों ने ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया है। हाथियों के अनयंत्र जाने से वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणों ने कुछ राहत महसूस की है। हाथियों का दल दो दिन पूर्व यहां पहुंचा था। पहुंचते ही हाथियों ने पहले दिन लगभग 50 ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया था। उसके बाद दिन भर जंगल में विश्राम किया और शाम होते ही एक बार फिर वहां से निकल कर ग्रामीणों की खेतों में पहुंच गया और काफी देर तक उत्पात मचाने के बाद आधी रात को आगे का रूख किया और जंगल ही जंगल होते हुए धरमजयंगढ़ की सीमा पर पहुंच गये। उधर कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक लगातार जारी है।



यहां के पसान रेंज में 48 की संख्या में हाथी सक्रिय है। हाथियों के दल ने बीती रात सेमरहा गांव में पहुंचकर 21 लोगों की फसल को तहस-नहस कर दिया। खेतों में रात भर उत्पात मचाने के लिए बाद हाथियों का दल वापस जंगल पहुंचा और विश्राम करने लगा। उधर केंदई रेंज में हाथी समस्या जारी है। यहां के मातिनदाई मंदिर के निकट पहुंचे दंतैल हाथी ने कल पिकनिक मना रहे लोगों पर हमला कर दिया था जिससे एक युवक की मौत हो गई थी। दंतैल हाथी अभी भी क्षेत्र में घुम रहा है, जिससे खतरा बरकरार है। हालांकि वन विभाग द्वारा इस दंतैल की निगरानी तेज कर दी गई है। उसकी हर गतिविधियों पर नजर रख कर्मचारी अधिकारियों को जानकारी दे रहें है।

## कांग्रेसी राजनांदगाव गए

**कोरबा।** राजीव मितान योजना के जिला सम्न्वयक श्याम नारायण सोनी ,आईटीसेन के राष्ट्रीय संहयोजक अभय तिवारी,पंकज सोनी, दीपक वर्मा के नेतृत्व में 20 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता प्रचार के लिए राजनांदगाव रवाना हुए है। वें वहां कांग्रेस प्रत्याशी देवांगन के पक्ष में प्रचार करेगें। इधर कांग्रेस नेता नवल किशोर पंडित बबलू महाराज व मंगलू राम सहित कांग्रेस के अनेको कार्यकर्ता प्रचार के लिए सक्ती विधानसभा क्षेत्र जाएंगें।

## कोयला कामगारों को कटने का डर

**कोरबा।** गेवरा साईलो कोयला लदान में काम करने वाले कोयला कामगार रेलवे ट्रेक को पार कर ड्यूटी जाते है। रेल्वे ट्रेक को पार करने से पहले उन्हें अपने वाहनों को छोड़ना पड़ता है। बीकेकेएमएस को प्रीतम राठौर ने प्रबंधन से मांग करते हुए कहा है कि हर समय रेल्वे ट्रेक पर मालगाड़ी खड़ी रहती है। यहां पर रेल्वे की चार अलग-अलग पटरिया है। कभी -कभी सभी पटरियों पर मालगाड़ी खड़ी रहती है। कामगारों को ड्यूटी स्थल पर पहुंचने के लिए खूट बृज का होना जरूरी है। वरना कभी भी हादसा हो सकता है।

# शीघ्र की जाए जप्त नगद व सामानों की वापसी

**कोरबा।** नागरिक जनसेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रिज के वर्किंग कमेटी सदस्य मो.न्याज नूर आरबी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से विभिन्न जांच में व्यापारियों, आमजनों के नगदी व सामानों के जब्ती प्रकरणों की जिला स्तरी समिति बनाकर नियमता एक सप्ताह में वापसी की कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में चुनाव के दौरान नगदी अथवा सामाग्रियों की जब्ती को लेकर व्यापारियों के बीच व्याप्त भ्रम को लेकर मामले में आयकर



विभाग के प्रमुख अधिकारी द्वारा दिये गये बयान और हो रही जब्ती की कार्रवाई के बीच भेद होने के चलते व्यापारी परेशान है, जिस पर त्वरित कार्रवाई कर व्यापारियों व आमजनों को राहत पहुंचाने की आवश्यकता है। साथ ही जांच दलों द्वारा जब्ती की कार्रवाई सही तरीके से होने की भी जांच करी जाये। जैसे की जब्ती दस्तावेज में जब्ती के विरूद्ध अपील की प्रक्रिया का उल्लेख, नगदी की जब्ती के समय संबंधित व्यक्ति को जब्ती नामा के प्रति के साथ व्यय अनुविक्षण के नोडल अधिकारी द्वारा नगदी रिलीज करने के संबंध में सभी प्रकार की सूचना नगदी व सामाग्री मालिकों को दी गई है या नहीं के साथ-साथ एक रजिस्टर में रख-रखाव की भी जांच किया जाये।

## जिला अस्पताल में मरीज की मौत

**कोरबा।** यहां के सरकारी जिला अस्पताल में भर्ती एक पुरूष मरीज की उपचार के दौरान मौत हो गई। कुछ दिन पहले उसे यहां भर्ती कराया गया था। उपचार के बीच उसने दम तोड़ दिया। 32 वर्षीय मृतक के बारे में किसी तरह की जानकारी अस्पताल प्रबंधन को नहीं है। उसके मृत होने के बारे में पुलिस को अवगत कराया गया है। अलग-अलग स्तर पर जानकारी भेजी जा रही है।

# गेट नंबर 4 से माईंस में होगी वाहनों की इंट्री

**कोरबा।** आखिरकार पुलिस ने तय कर लिया है कि कोलफील्डस के रास्ते पर आये दिन लगने वाले जाम को हरहाल में खत्म करना है। कुसमुण्डा मार्ग पर इस प्रकार के मामले कुछ ज्यादा हो रहे थे और जनता परेशान हो रही थी। परिवहन व्यवसायियों के साथ बैठक करते हुए पुलिस ने व्यवस्था दी है कि कुसमुण्डा माईंस में भारी वाहनों की इंट्री केवल गेट नंबर 4 से होगी।

इस बारे में शुक्रवार की शाम एक बैठक ली गई। कोल सेक्टर में काम करने वाले ट्रांसपोर्टर्स इसमें शामिल हुए। एसईसीएल के प्रतिनिधियों को भी बैठक में आंमत्रित किया गया। विचार किया गया कि लगातार कुसमुण्डा-कोरबा मार्ग पर कोयला वाहनों की गलत आवाजाही के कारण जाम लगता रहा है। दुसरी ओर वाहन एक-दुसरे से भिड़ते रहे है। नतीजा यह हुआ कि आम आवाजाही बाधित हुई और इससे लोगों को परेशान होना पड़ा। पुलिस ने कोशिश कर समस्या को कुछ हद तक कंट्रोल किया है। स्थाई समाधान की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है। सीएसपी ने बताया कि अब रास्ते पर जाम से बचने के लिए सप्ताह भर के भीतर सभी कोयला वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने और हेडलाईट को ठीक करने का काम हो जाना चाहिए। ट्रांसपोर्टर के द्वारा बैठक में कुछ और समस्याएं बताई गई जिन्हें हल करने का भरोसा पुलिस के द्वारा दिया गया।

# मुक्तिधाम की स्थिति बदली, तालाब के सामने दुश्वारिया

## लाखों खर्च के बाद भी हालात जस के तस

**कोरबा।** नगर के पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम को नागरिकों की समिति ने रूचि लेकर बेहतर स्थिति में ला दिया है। दूसरी ओर इसके ठीक सामने स्थित सार्वजनिक तालाब के हालात अच्छे नहीं है। कई तरह की दुश्वारियां यहां बनी हुई है। ऐसे में अलग-अलग कार्यों के लिए तालाब में निस्तार करना काफी मुश्किल हो रहा है।

वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में प्राचीन तालाब के दिन आखिर कब सुधरेंगे, इसे लेकर क्षेत्र के नागरिक चिंतित है। उन्होंने बताया कि कई वर्ष पहले सरोवहर-धरोवर योजना के तहत कई लाख रुपये सरकार ने खर्च किये थे और तालाब को काफी हद तक ठीक कर दिया था। बाद के वर्षों में आसपास के नागरिकों ने अपने स्तर पर श्रमदान किया और तालाब से गंदगी और खरपतवार हटाने के लिए अपने सरोकार दिखायें। एक समय तक तालाब अच्छी स्थिति में रहा और अब फिर से स्थिति जस की तस हो गई है। तस्वीरें बताती है कि तालाब के पूरे हिस्से में जलकुम्भी से लेकर अन्य वनस्पती का कब्जा हो गया है।



तालाब के किनारे तटबंधों में भी गंदगी का साम्राज्य कायम है। और तो और आसपास से निकले वाला अपशिष्ट भी इसके आसपास डाल देने से हालात बिगड़ते जा रहे है। इन सबके चक्कर में तालाब में निस्तार कर पाना काफी जटिल हो गया है और लोगों को दूसरे विकल्प अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नागरिक चाहते है कि अंतिम रूप से विशेष अभियान चलाने के साथ तालाब को साफ कराया जाये।

**नोटिस लगाने पर भी असर नहीं**

तालाब का प्रबंधन देखने वाली समिति ने घाट के आसपास कई जगह इस आशय की सूचना लगा रखी है कि तालाब को साफ-सुधरा बनाये रखे और किसी भी तरह का कुड़ा-करकट और दूसरी चीजें इसमें न डाले। इसके बावजूद आसपास में रहने वाले लोग इसकी अनदेखी करते हुए तालाब को बदसूरत बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे है। जल संरक्षण के लिए काम करने वाले संगठन के पदाधिकारी इस बात पर चिंता जताते है कि जल स्रोतो की महत्ता सबके लिए सर्वविदित है और उनकी जिम्मेदारी सुरक्षा के नाते होना चाहिए। लेकिन इसकी कमी लगातार देखी जा रही है।

# अवैध कच्ची शराब विक्रेता चढ़ा हत्थे

**कोरबा।** चैतमा चौकी पुलिस ने अपने क्षेत्र में अवैध रूप से देशी-विदेशी एवं कच्ची शराब बनाकर बिक्री करने वालों पर नकेल कसने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत एक ग्रामीण को पकड़कर उसके पास से साढ़े 3 लीटर महुए की कच्ची शराब एवं 150 रूपये बिक्री रकम जब्त कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार पाली थाने की चैतमा पुलिस चौकी के माझा मोहल्ला चैतमा निवासी जयमंगल बिंझवार उम्र 45 पिता बिसाहू राम बिंझवार अपने घर में हाथ भट्टी महुए की कच्ची शराब बनाकर इन दिनों बिक्री करते चला आ रहा था। इसी बीच मुखबीर द्वारा सूचना दिये जाने पर चैतमा चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने अपने हमराह प्रधान आरक्षक संतोष तिवारी व अन्य स्टाफ के साथ छापामार कार्रवाई करते हुए आरोपी के पास से साढ़े 3 लीटर महुए की कच्ची शराब एवं 150 रूपये बिक्री रकम जब्त कर लिया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1)क,ख आबकारी अधिनियम के तहत चैतमा चौकी पुलिस द्वारा कार्रवाई कर उसके विरूद्ध प्रकरण विचारण के लिए पाली न्यायालय भेजा रहा है।

## सीजीएम कर्मियों का सम्मान

**कोरबा।** एसईसीएल केन्द्रीय कर्मशाला में कार्यरत सीजीएम व दो कर्मियों का रिटायर होने पर उनका सम्मान किया गया। जेसीसी सदस्य दिलीप सिंह,बी.आर. सुमन , राजेश पाण्डेय , एनके साव, राजेन्द्र यादव, दादू लाल राठौर को घर छोड़ा ।

श्रीं
प्लाट बेचना है
टीपी नगर व अमरैय्यापारा में प्लाट बेचना है शीघ्र
संपर्क करें
62681-46606

## क्यो होता है भ्रष्टाचार, बैठक में हुआ मंथन

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय में इंडिपेंडेंट एक्सटर्नल मॉनिटर (आईईएम) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विनायक राव तुरागा (आईओएफ़एस) / (आईईएम) द्वारा की गई। 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर इस प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे। बैठक में निदेशक तकनीकी (संचालन एवं योजना/परियोजना) एसएन कापरी, महाप्रबंधक (सतर्कता) प्रकाश चन्द्र एवं विभिन्न विभागाध्यक्षगण एवं अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक में एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों से भी अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े। श्री राव द्वारा भ्रष्टाचार के कारणों, इससे लड़ने, व्हिसल ब्लोअर जैसे मुद्दों पर अपने विचार एवं सुझाव रखे।

# बाघा बार्डर जैसा कोतवाली के बार्डर पर हो रही वाहनों की जांच

**18 वाहनों पर हुई कार्रवाई**

**एक बदमाश भी पकड़ाया**

**कोरबा।** एसपी जितेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में चुनाव आचार संहिता के परिपालन हेतु वाहनों के माध्यम से नगद रकम एवं जेवरात, खाद्यान, कपड़े तथा गिफ्ट ऑयटमों की अफरा-तफरी कर राजनैतिक दलों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन दिये जाने की प्रथा पर रोक लगाने के लिए होड़ मची हुई है। वहीं सिटी कोतवाली पुलिस ने इस अभियान के तहत गत रात्रि 18 वाहनों जिनमें 6 फोर व्हीलर, 4 ट्रेलर वाहन एवं शेष बाईक के डिक्की को खंगालने के साथ ही उनके चालकों पर मोव्हीएक्ट के तहत कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार एसपी के निर्देशानुसार रोजाना शाम ढलते ही जिले के सभी थाना एवं चौकियों के प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य चौक चौराहों या सरहदी बार्डर पर भारत-पाक



सीमा के बाघा बार्डर जैसा वाहनों की सघन जांच शुरू कर देते है। गत रात्रि सिटी कोतवाली टीआई रूपक शर्मा अपने मातहत एएसआई अजय सिंह ठाकुर, टंकेश्वर यादव, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, सुनील सिंह राजपूत, तिरेंद्र सोनी तथा मारबल के साथ वाहनों की चेकिंग अभियान में जुट गये। इस दौरान 6 फोर व्हीलर, 4 ट्रेलर वाहन एवं शेष बाईक के डिक्की को खंगालने के साथ ही उनके चालकों पर मोव्हीएक्ट के तहत कार्रवाई की। इस दौरान इन वाहनों के चालकों व मालिकों से 42 सौ रूपये मोव्हीएक्ट के तहत समनशुल्क बतौर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई।

इस विशेष अभियान के संदर्भ में जानकारी देते हुए सिटी कोतवाली टीआई श्री शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शहर क्षेत्र के पूरानी बस्ती निवासी कोमल पटेल उम्र 24 पिता श्यामु पटेल इसके द्वारा मात्र डेढ़ वर्ष के अंदर चोरी, मारपीट व अन्य कुल सात संगीन अपराधो को अंजाम दिया है। उसे गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 110 के तहत कार्रवाई कर उसका प्रकरण न्यायालय विचारण के लिए भेजा गया। वहीं अन्यों का रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है।















स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com